दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली गुरुवार 14 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 141 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## गाजियाबाद की अनुष्का चंद्रा बनीं देश की सेकेंड सीबीएसई टॉपर

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सीबीएसई बोर्ड 12वीं के परिणाम में इस बार गाजियाबाद के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। वसुंधरा सेक्टर-14सी स्थित एसएजे स्कूल की छात्रा




अनुश्का चंद्रा ने 500 में से 498 अंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से जिलेभर में खुशी की लहर दौड़ गई। रिजल्ट घोषित होते ही गाज़ियाबाद के विभिन्न स्कूलों में जश्न का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। कई स्कूलों ने अपने टॉपर्स की सूची जारी करते हुए मेधावी छात्रों को सम्मानित करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में देशभर से 17 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए थे, जिनमें 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए।

# अखिलेश यादव के भाई प्रतीक का निधन, परिवार में शोक की लहर

**हृदयविदारक**

### डॉक्टर बोले- अस्पताल पहुंचने से पहले थम चुकी थी धड़कन



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के परिवार से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव (38) का लखनऊ में निधन हो गया है। प्रतीक यादव, समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उनकी दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के छोटे बेटे थे। वे अखिलेश यादव के सौतेले भाई थे।

प्रतीक यादव को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था। वे बीजेपी लीडर अपर्णा यादव के पति थे। हालांकि, पिछले दिनों पति-पत्नी के बीच विवाद की भी खबरें आई थीं। हालांकि, मौजूदा वक्त में वे परिवार के साथ ही रह रहे थे लेकिन कहा जा रहा है कि पारिवारिक कलह जारी थी।

बीते कुछ दिनों से उनकी तबियत खराब थी और इलाज चल रहा था। आज यानी बुधवार को सुबह उन्हें हॉस्पिटल लाया गया और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रतीक यादव के निधन की खबर मिलते ही यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्रतीक यादव को लीवर और लंग्स से जुड़ी दिक्कतें थीं। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें कई बार लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वे लंबे वक्त तक अस्पताल में नहीं रहते थे।

जब तबीयत बिगड़ती थी तो उन्हें एडमिट किया जाता था और हालत में सुधार होते ही एक-दो दिन में डिस्चार्ज कर दिया जाता था।

# एनडीआरएफ के राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में शामिल होंगे गृहमंत्री अमित शाह

## भाजपा के जनप्रतिनिधि करेंगे स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज गाजियाबाद में एलडीआरएफ इतिहास रचेगा। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल देश की सबसे महत्वपूर्ण आपदा राहत एजेंसी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के लिए 14 मई का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। गाजियाबाद स्थित 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल परिसर में राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन होगा, जिसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 7:30 बजे शुरू होगा। राष्ट्रपति निशान किसी भी सुरक्षा बल के लिए सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। यह सम्मान उत्कृष्ट सेवा, वीरता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया जाता है। देशभर में आपदा के समय लाखों लोगों की जान बचाने वाले राष्ट्रीय आपदा मोचन बल को यह सम्मान मिलना पूरे बल के लिए गौरव का क्षण माना जा रहा है। गाजियाबाद में होने वाले इस समारोह को लेकर सुरक्षा एजेंसियां और प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। कार्यक्रम स्थल पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस, खुफिया एजेंसियों और केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

इस समारोह में गाजियाबाद के तमाम जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल होंगे। सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित कई नेताओं को आमंत्रित किया गया है। एनडीआरएफ ने देश में भूकंप, बाढ़, भवन हादसे, रेल दुर्घटनाओं और अन्य प्राकृतिक आपदाओं में लगातार राहत एवं बचाव कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई है। ऐसे में राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह को लेकर बल के जवानों और अधिकारियों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय ने यातायात और सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## अमित शाह के गाजियाबाद दौरे से पहले बड़ा सुरक्षा अलर्ट, पूरे कमिश्नरेट में नो ड्रोन जोन लागू

गाजियाबाद, करंट क्राइम : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। वीवीआईपी सुरक्षा को देखते हुए एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं यातायात राजकरन नैय्यर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस)-2023 की धारा 163 के तहत पूरे कमिश्नरेट क्षेत्र को अस्थायी रूप से नो ड्रोन जोन घोषित कर दिया है। आदेश के तहत ड्रोन, यूएवी, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून समेत सभी उड़ने वाली वस्तुओं के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट और संवेदनशीलता को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति, संस्था, आयोजक या मीडिया कर्मी ड्रोन के माध्यम से फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करना चाहता है तो उसे पहले संबंधित थाने में ड्रोन और ऑपरेटर की पूरी जानकारी देनी होगी। इसके बाद संबंधित पुलिस उपायुक्त की अनुमति मिलने पर ही सीमित उपयोग की अनुमति दी जाएगी। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस प्रशासन ने सरकारी कार्यालयों, संवेदनशील प्रतिष्ठानों और वीवीआईपी मूवमेंट वाले क्षेत्रों के आसपास विशेष निगरानी बढ़ा दी है। एडिशनल सीपी राजकरण नायर ने साफ कहा है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर ड्रोन को तत्काल नष्ट भी किया जा सकता है। गाजियाबाद पुलिस का यह आदेश 13 मई से लागू हो चुका है जो 14 मई की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। पुलिस विभाग को आदेश का कड़ाई से पालन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर का सख्त आदेश, बिना अनुमति ड्रोन उड़ाया तो होगी कठोर कार्रवाई**

### कारों की संख्या सीमित वाले सवाल पर बोले कैबिनेट मंत्री

# मेरे साथ पहले से ही नहीं चलता है कोई काफिला: कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**पड़ताल**

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैं ऐसा कैबिनेट मंत्री हूं जो केवल एक कार लेकर चलता है



**दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे बात की तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मेरे पास तो पहले से ही कोई काफिला नहीं है**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विदेशी मुद्रा संकट के समय अब मंत्रियों को काफिला ना लेकर चलने की सलाह दी गई, लेकिन यहां राजनीति में सरलता, सादगी और सहजता वाले अंदाज में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा दिखाई दिये हैं। दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे इस विषय पर बात की कि तय हो गया है कि मंत्रियों के साथ वाहनों का काफिला नहीं चलेगा तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मेरे पास तो पहले से ही कोई काफिला नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा कैबिनेट मंत्री हूं जो केवल एक कार लेकर चलता है। उन्होंने बताया कि एक कार पुलिस एस्कोर्ट की चलती है, जिसका मुझसे कोई संबंध नहीं है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि कई बार एक कार ऐसी चलती है जिसमें स्टाफ होता है, जिनमें एक स्टेनो और पीएस होता है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि इससे ज्यादा स्टाफ वाली व्यवस्था मैंने कभी नहीं रखी है। उन्होंने कहा कि कई बार तो ये भी होता है कि स्टाफ वाली कार नहीं होती है। यह रुटीन पहले से ही है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि आमतौर पर कई ऐसे लोग हैं जिनका काफिला 10-12 कार का होता है लेकिन मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि किसी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में मेरा काफिला नहीं देखा होगा। मेरे पास कारों का कोई काफिला नहीं है और अब जब व्यवस्था बनी है तो विशेष ध्यान रखा जाएगा।


### सुनील शर्मा ने जनता से की अपील, विदेशी मुद्रा बचाना सबका कर्तव्य

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह समय विदेशी मुद्रा संकट का समय है और हमें विदेशी मुद्रा को बचाना है। यह अंतर्राष्ट्रीय संकट है और आयात-निर्यात बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि हम सोना नहीं खरीदेंगे और तेल की बचत करेंगे तो इससे रुपए की कीमत में स्थिरता आएगी।

उन्होंने कहा कि सोना हमारे देश में सबसे ज्यादा है और बिजनेस प्रभावित नहीं होगा क्योंकि हमें विदेश से सोना नहीं खरीदना है। हम सबको ऐसे में प्रधानमंत्री की अपील पर देशहित में सहयोग करना है।

# पहले भी प्रधानमंत्रियों की अपील पर देश ने किया है त्याग: अतुल गर्ग

## मेरे पास है सिंगल कार और विदेश यात्रा नहीं करेगा मेरा परिवार



**अतुल गर्ग ने कहा कि मैं सोना नहीं खरीद रहा हूं और ना ही मैं विदेश यात्रा पर जाऊंगा। यह नियम पूरे परिवार के लिये लागू कर रहा हूं।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने मौजूदा परिस्थितियों में सोना ना खरीदने और विदेश यात्रा ना करने की अपील करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देश इस समय अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा संकट के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के लिये हमें अपने निर्णयों को बदलना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले भी प्रधानमंत्रियों ने लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा कि एक समय देश में अनाज संकट हो गया था। खाद्यान की कमी हुई थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश के लोगों से अपील की थी कि वह एक वक्त का खाना छोड़ दें और देश के बहुत से नागरिकों ने अन्न संकट में सहयोग करते हुए वक्त का भोजन छोड़ दिया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि किसी जमाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी सोना ना खरीदने की अपील की थी। लोगों ने अपील को माना था। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया था ह्यह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की रक्षा के लिये लड़ने हेतु लोग बिना सैलरी, बिना वेतन के फौज के भर्ती हुए थे। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध की स्थिति चल रही है। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय बाजार पर संकट है। इसमें भारत सरकार की कोई गलती नहीं है। विदेशी मुद्रा बचानी होगी, यह हर नागरिक का कर्त्तव्य है। उन्होंने जनता से अपील की कि विदेशी मुद्रा बचाएं।

### राष्ट्र सर्वोपरि है, हम प्रधानमंत्री की अपील पर अमल करेंगे : सांसद

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि राष्ट्रहित में सबसे पहले हम सहयोगी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और हम अपने प्रधानमंत्री की अपील पर काम करेंगे। सभी को सहयोग के लिये प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि ये विदेशी मुद्रा संकट का दौर है। तेल की बचत को लेकर उन्होंने कहा कि मैं पहले से ही सिंगल कार से चलता हूं और मैं अब ये प्रयास करुंगा कि कम से कम यात्रा करुं। उन्होंने कहा कि मैं सोना नहीं खरीद रहा हूं और ना ही मैं विदेश यात्रा पर जाऊंगा। सांसद अतुल गर्ग ने यहां ऐलान किया कि यह नियम मैं केवल खुद पर नहीं बल्कि अपने पूरे परिवार के लिये लागू कर रहा हूं। मेरे परिवार का कोई भी सदस्य विदेश यात्रा नहीं करेगा। सोना नहीं खरीदेगा और वाहन का प्रयोग कम से कम किया जाएगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने अपील की है और हम सब नागरिक देश के साथ हैं। सांसद अतुल गर्ग ने सोने को लेकर फैल रही स्थिति को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि हमें विदेशों से सोना नहीं खरीदना है, देश का सोना देश में खरीदने पर कोई रोक नहीं है। हमारा लक्ष्य विदेशी मुद्रा संकट का हल करना है।

# क्राइम को लेकर नहीं है कोई छूट, फुल एकाउंटर करवा देगी पहली ही लूट

## पेट में गोली लगने के बाद हेड कांस्टेबल संदीप मलिक का सफल ऑपरेशन, कैश वैन लूटकांड के मास्टरमाइंड समीर-जुबेर मुठभेड़ में ढेर

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश में अब अपराध और अपराधियों के प्रति पुलिस का रवैया पूरी तरह बदल चुका है। पहले बड़ी लूट या वारदात के बाद बदमाश लंबे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहते थे, लेकिन योगी सरकार में तस्वीर बदल गई है। अब अपराध करने वालों को पुलिस सिर्फ गिरफ्तार नहीं कर रही, बल्कि उन्हें ऐसा सबक सिखाया जा रहा है कि अपराध की दुनिया में खौफ साफ दिखाई दे रहा है। बड़ी वारदातों में शामिल बदमाश अब सीधे मिट्टी में मिलने लगे हैं। हाल ही में हुए कैश वैन लूटकांड में भी यही देखने को मिला, जहां पुलिस ने आरोपियों की पहली बड़ी वारदात को ही उनकी आखिरी कहानी बना दिया। इससे साफ संदेश गया है कि उत्तर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई दे रही है। यूपी के सीएम योगी की सख्त नीति पर चलते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और सीपी जे रविंदर गौड भी उसी सख्त पुलिस व्यवस्था को लागू कर रहे हैं। अब पुलिस अपराधियों को अदालत और लंबी पूछताछ से ज्यादा उनके अंजाम तक पहुंचाने पर जोर देती नजर आ रही है। 6 मई को क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में हुई 27 लाख रुपये की कैश वैन लूट की वारदात आखिरकार बदमाशों के लिए उनकी आखिरी लूट साबित हुई। गाजियाबाद पुलिस, क्राइम ब्रांच स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में लूटकांड के मास्टरमाइंड समीर और जुबेर पुलिस मुठभेड़ में मारे गए।

इस दौरान बदमाशों और पुलिस के बीच जमकर गोलियां चलीं, जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल हेड कांस्टेबल संदीप मलिक के पेट में गोली लगी थी, जिनका सफल ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर बताई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कैश वैन लूट की यह पहली बड़ी वारदात थी जिसे अंजाम देकर बदमाश इलाके में अपनी दहशत कायम करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने कुछ ही दिनों में पूरे गैंग को ट्रैक कर कार्रवाई शुरू कर दी। अब तक इस मामले में छह बदमाश चिन्हित किए जा चुके हैं, जिनमें दो गिरफ्तार, दो मुठभेड़ में ढेर और दो अभी फरार हैं।

**खात्मा**


### फरार फिरोज और सुहैब भी गाजियाबाद पुलिस की रडार पर

### जब-जब बदमाशों ने सिर उठाया, सीपी की पुलिस ने जवाब गोलियों से दिया



करंट क्राइम : मसूरी क्षेत्र में कारोबारी से करोड़ों की रंगदारी मांगने वाला कुख्यात बलराम यादव हो, लोनी में यूट्यूबर सलीम वारिसी पर हमला करने वाले इनामी बदमाश जीशान और गुलफाम हों या फिर मासूम बच्ची से दुष्कर्म और हत्या करने वाला दरिंदा पुलिस कमिश्नरेट ने हर बड़े अपराधी का अंत कर यह साबित किया कि कानून से ऊपर कोई नहीं। हाल ही में हुए चर्चित कैश वैन लूटकांड में भी कमिश्नरेट पुलिस ने जिस तेजी और रणनीति से कार्रवाई की, उसने अपराधियों को साफ संदेश दे दिया कि गाजियाबाद में अपराध करने का मतलब अब सीधे पुलिस के निशाने पर आना है। सीपी जे रविंदर गौड के नेतृत्व में पुलिसिंग का पूरा फोकस सिर्फ अपराध दर्ज करने पर नहीं, बल्कि अपराध की जड़ खत्म करने पर रहा। लगातार कॉम्बिंग, गैंगस्टर कार्रवाई, संपत्ति जब्ती, एनकाउंटर और अपराधियों की निगरानी ने जिले में अपराध के नेटवर्क को गहरा झटका दिया है। कमिश्नरेट पुलिस की सख्ती का असर अब जमीन पर साफ दिखाई देने लगा है। अपराधी या तो जेल के भीतर हैं, जिला बदर हैं या फिर पुलिस की कार्रवाई के डर से फरार घूम रहे हैं। गाजियाबाद कमिश्नरेट का यह आक्रामक मॉडल अब पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। अपराधियों के खिलाफ जिस अंदाज में कार्रवाई हुई, उसने साफ कर दिया है कि गाजियाबाद पुलिस अब सिर्फ कार्रवाई नहीं करती, बल्कि अपराध की रीढ़ तोड़ने का काम करती है।

### वेव सिटी क्षेत्र में हुई मुठभेड़, 28 राउंड चली गोलियां



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने बताया है कि मंगलवार देर रात वेव सिटी थानाक्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच आमना-सामना हुआ। पुलिस टीम ने जब संदिग्ध स्विफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और दोनों ओर से करीब 28 राउंड गोलियां चलीं। सूत्रों के मुताबिक बदमाशों की ओर से 16 राउंड फायर किए गए, जबकि पुलिस ने 12 राउंड जवाबी फायरिंग की। इसी दौरान हेड कांस्टेबल संदीप मलिक के पेट में गोली जा लगी। उप निरीक्षक आशीष सिंह जालौन और सिपाही तरुण यादव भी घायल हो गए। तीनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल जाना। डॉक्टरों ने बताया कि तीनों की हालत अब खतरे से बाहर है।





### हेड कांस्टेबल संदीप मलिक की बहादुरी की हो रही चर्चा


करंट क्राइम : मुठभेड़ के दौरान पेट में गोली लगने के बावजूद संदीप मलिक डटे रहे। तो घायल होने के बाद भी बदमाशों की घेराबंदी में निभाई अहम भूमिका। उसका यशोदा अस्पताल में सफल ऑपरेशन हो गया है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर बढ़ाया हौसला है।

### फरार फिरोज और सोहेब की तलाश में दबिश तेज

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि कैश वैन लूटकांड में कुल छह बदमाशों की पहचान हुई थी। पुलिस पहले ही दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि दो मुठभेड़ में मारे गए। अब गैंग के फरार सदस्य फिरोज और सोहेब की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। सोहेब, मारे गए बदमाश जुबेर का सगा भाई बताया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि दोनों आरोपी आसपास के जिलों में छिपे हो सकते हैं। कई टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं।

### समीर को लगी दो गोलियां, जुबेर के सीने में धंसी गोली

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वाट प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया





है कि मुठभेड़ में मारे गए बदमाश समीर और जुबेर के पोस्टमार्टम में कई अहम तथ्य सामने आए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक समीर को दो गोलियां लगीं एक सीने में और दूसरी कंधे में। वहीं जुबेर के सीने में गोली लगी थी। दोनों बदमाशों के शवों का देर रात पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार दोनों को कुल तीन गोलियां लगी थीं। पुलिस का मानना है कि जवाबी फायरिंग में बदमाशों को संभलने का मौका नहीं मिला और कुछ ही देर में दोनों ढेर हो गए।

### सीपी से लेकर क्राइम ब्रांच तक लगातार मॉनिटरिंग



करंट क्राइम : पूरे घटनाक्रम की निगरानी पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह लगातार कर रहे हैं। अधिकारियों ने सभी टीमों को फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि पुलिस अब गैंग के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड, आर्थिक लेनदेन और अन्य राज्यों से जुड़े नेटवर्क की भी जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि गैंग ने पहले भी कहीं इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था या नहीं।



# पीएम मोदी की अपील के बाद गुजरात के उपमुख्यमंत्री ने यूएस दौरा रद्द किया

**पहल**

**संघवी ने कहा, यह फैसला संयम बरतने की राष्ट्रीय अपील के समर्थन में लिया गया है**



**गांधीनगर।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने मंगलवार को अपनी प्रस्तावित अमेरिका यात्रा रद्द कर दी। उन्होंने यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील के बाद उठाया, जिसमें उन्होंने नागरिकों से आर्थिक आत्मनिर्भरता और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से जुड़ी एक व्यापक पहल के तहत, एक वर्ष तक विदेश यात्रा से बचने का आग्रह किया था।

संघवी को इस महीने के आखिर में फेडरेशन ऑफ गुजराती एसोसिएशन्स ऑफ यूएसए द्वारा आयोजित दूसरे गुजराती सम्मेलन में शामिल होना था।


प्रधानमंत्री की अपील के बाद अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी अपील में कई उपायों को बढ़ावा दिया था, जैसे कि जहां तक हो सके वर्क फ्रॉम होम (घर से काम) को प्राथमिकता देना, खाने के तेल की खपत कम करना, एक साल तक विदेश यात्रा से बचना, घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आयातित सामानों का इस्तेमाल कम करना, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल बढ़ाकर पेट्रोल और डीजल की खपत घटाना, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करके प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और एक साल तक सोने की खरीदारी टालना।

संघवी ने कहा, यह फैसला संयम बरतने की राष्ट्रीय अपील के समर्थन में लिया गया है। नागरिकों को व्यापक आर्थिक आत्मनिर्भरता के हित में प्रधानमंत्री की अपील में सहयोग करना चाहिए। इसी से जुड़ी एक और घटनाक्रम में, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानशेरिया ने भी ईंधन बचाने के लिए प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन किया और अपने आधिकारिक सुरक्षा प्रोटोकॉल में बदलाव की घोषणा की।

उन्होंने कहा, एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर, मैंने तत्काल प्रभाव से अपने पायलट कार सुरक्षा प्रोटोकॉल का इस्तेमाल बंद करने का फैसला किया है।

# सीबीएसई 12वीं में कुल 85.20% बच्चे पास

## 88.86% लड़कियां तो 82.13 फीसदी लड़के सफल




**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं का रिजल्ट 2026 आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है। लंबे समय से इंतजार कर रहे लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म हो गया है। लिंगवार परिणाम के अनुसार, सभी विषयों में लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86% रहा, जबकि लड़कों का 82.13% दर्ज किया गया।

सीबीएसई के अनुसार 12वीं में पास होने के लिए हर विषय में कम से कम 33% अंक जरूरी होते हैं। ग्रेडिंग सिस्टम में ए से डी तक पास माना जाता है, जबकि ई ग्रेड का मतलब फेल होता है। इसलिए सभी विषयों में ई से ऊपर ग्रेड होना जरूरी है, नहीं तो छात्र को कम्पार्टमेंट या दोबारा परीक्षा देनी पड़ती है। सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026 में संस्थानों के प्रदर्शन की बात करें तो सबसे बेहतर परिणाम केवी (केंद्रीय विद्यालय) का रहा, जहां पास प्रतिशत 98.55% दर्ज किया गया। इसके बाद जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) 98.47% के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 89.55% रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में यह 86.07% दर्ज किया गया। वहीं, ईएमआरएस स्कूलों का पास प्रतिशत 85.55% और स्वतंत्र (प्राइवेट) स्कूलों का 84.22% रहा।

**पिछले साल से 3.19% की गिरावट :** 2026 में पास प्रतिशत घटकर 85.20% रह गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में -3.19% का अंतर दशार्ता है। इसका मतलब है कि उम्मीदवारों की संख्या बढ़ने के बावजूद सफलता दर में गिरावट आई है, जिससे प्रतियोगिता अधिक कठिन होती दिखाई दे रही है।

**लड़कियों का पास प्रतिशत अधिक रहा :** 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86% रहा, जबकि लड़कों का 82.13% दर्ज किया गया। ट्रांसजेंडर छात्रों ने लगातार 100% परिणाम के साथ शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कुल मिलाकर, लड़कियों ने लड़कों से 6.73% बेहतर प्रदर्शन किया है।

सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें इस बार कुल 85 से अधिक छात्र-छात्राएं सफल रहे हैं। इस बार के परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में पास प्रतिशत में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है।

# ठाणे में फिल्मी स्टाइल में पकड़ी गई कर्नाटक से चोरी हुई कार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने कर्नाटक से चोरी हुई एक कार को फिल्मी अंदाज में पीछा करके पकड़ा है। रविवार रात ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि कर्नाटक नंबर की एक चोरी की कार नवी मुंबई की तरफ से ठाणे शहर में आ रही है। पुलिस अधिकारी आशा हाके और उनकी टीम ने गोल्डन डाइज क्रॉस के पास कार को रोकने का इशारा किया। रुकने के बजाय ड्राइवर ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और घोड़बंदर रोड की तरफ भाग निकला। इसके बाद आशा हाके ने हिम्मत दिखाई और एक डिलीवरी बॉय की मोटरसाइकिल लेकर करीब 8 किलोमीटर तक कार का पीछा किया। इस दौरान ड्राइवर ने पुलिस और रास्ते में आने वाले अन्य वाहनों को टक्कर मारने की कई बार कोशिश की। आखिरकार पुलिस ने विजय गार्डन सिग्नल के पास कार को घेर लिया।

**पीएम मोदी के आह्वान पर रेखा सरकार का फैसला**

# विभागीय कामकाज के लिए वाहनों की संख्या सीमित होगी

**बेहतरीन पहल**

**देश के कई राज्यों की सरकार और मंत्री नेता अपील को मानकर उदहारण पेश कर रहे हैं**



**नई दिल्ली।** दुनिया में लगातार बढ़ते ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से एक बहुत ही बड़ी और अहम अपील की है। उन्होंने देशवासियों से पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों का बहुत ही सोच-समझकर और संयम के साथ इस्तेमाल करने को कहा है। देश के कई राज्यों की सरकार और मंत्री नेता इस अपील को मानकर आम लोगों के लिए उदहारण पेश कर रहे हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि विभागीय कामकाज के लिए वाहनों की संख्या को सीमित किया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने तथा ऊर्जा संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है।

# सीबीएसई रिजल्ट : नतीजों में दक्षिण भारत शिखर पर

**परीक्षा परिणाम**

**95.62 फीसदी परिणाम के साथ त्रिवेंद्रम सबसे आगे**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष देशभर में बड़ी संख्या में छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। बोर्ड ने परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की थीं। सीबीएसई के अनुसार, इस साल कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 17,80,365 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा का आयोजन देशभर के 7,573 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। बोर्ड ने इस वर्ष 120 विषयों की परीक्षा आयोजित की।

### 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक हुई थी परीक्षा

सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित की गई थी। वहीं, परीक्षा परिणाम 13 मई 2026 को घोषित किया गया।

# त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेले का लोगो जारी

**नासिक।** सरकार ने बुधवार को 2027 में होने वाले नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेले का आधिकारिक लोगो जारी कर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में इसे लॉन्च किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार भी मौजूद रहे। इस लोगो का चयन एक देशव्यापी प्रतियोगिता के जरिए किया गया है। कुंभ मेला प्राधिकरण, और एसोसिएशन ऑफ डिजाइनर्स ऑफ इंडिया ने मिलकर यह प्रतियोगिता आयोजित की थी। 20 नवंबर से 20 दिसंबर 2025 के बीच हुई इस प्रतियोगिता में कुल 3,067 प्रविष्टियां मिली थीं।

इनमें 70 प्रविष्टियां अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की भी थीं। प्रसून जोशी सहित प्रमुख डिजाइन विशेषज्ञों के एक पैनल ने विजेता डिजाइन को चुना। सुमित काटे को पहला पुरस्कार और 3 लाख रुपये मिले। मयंक नायक को दूसरा पुरस्कार और 2 लाख रुपये मिले। इस लोगो में नासिक और त्र्यंबकेश्वर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से दिखाया गया है।

# पीएम मोदी के काफिले में घटी गाड़ियों की संख्या ऊर्जा संकट के बीच केंद्र सरकार का अहम फैसला

**अच्छी पहल**

**अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था पहले की तरह पूरी तरह मजबूत रहेगी**



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में बढ़ते ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कमी किए बिना प्रधानमंत्री के काफिले में शामिल वाहनों की संख्या घटा दी गई है। एक वीडियो में पीएम मोदी के काफिले में सिर्फ 2 गाड़ियां दिखी। सरकार के इस कदम को ईंधन बचत और खर्च नियंत्रण की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, यह फैसला सुरक्षा एजेंसियों और स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के मानकों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब केवल जरूरी सुरक्षा और संचालन से जुड़े वाहन ही प्रधानमंत्री के काफिले का हिस्सा होंगे।

**सुरक्षा से कोई समझौता नहीं :** अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था पहले की तरह पूरी तरह मजबूत रहेगी। एसपीजी प्रोटोकॉल में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है और सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम पहले की तरह लागू रहेंगे। हालांकि, अनावश्यक वाहनों को हटाकर काफिले को अधिक व्यवस्थित और ऊर्जा-कुशल बनाने पर जोर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया है कि जहां संभव हो, काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाया जाए। हालांकि इसके लिए नए वाहन खरीदने के बजाय मौजूदा संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया गया है। सरकार के इस कदम को पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल का असर भाजपा शासित राज्यों में भी दिखाई देने लगा है। कई राज्यों में मुख्यमंत्री और मंत्री अपने काफिलों में वाहनों की संख्या घटाने पर विचार कर रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित अन्य नेताओं ने भी अपने काफिलों में वाहनों की संख्या घटाने का निर्णय लिया है। यह कदम प्रधानमंत्री की उस व्यापक अपील का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने अनावश्यक यात्रा कम करने और राष्ट्रीय संसाधनों की बचत पर जोर दिया था।

# दिल्ली के जाम से मिलेगी राहत 62 बड़े जाम वाले पॉइंट चिह्नित





**समीक्षा बैठक**

**बैठक में बताया गया कि आईटीएमएस के जरिए एआई आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा**

**उप राज्यपाल ने कहा ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्ती**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ट्रैफिक जाम और सड़क अव्यवस्था को कम करने के लिए एआई बड़ी भूमिका निभाएगा। दिल्ली में बड़े जाम वाले 62 पॉइंट चिह्नित किए गए हैं। उप राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को ट्रैफिक पुलिस की योजनाओं की समीक्षा की और एआई आधारित सिस्टम को मजबूती से लागू करने के निर्देश दिए। इस दौरान ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए जाएंगे। एलजी ने कहा है कि राजधानी की सड़कें सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए ये पहल जरूरी है।

उप राज्यपाल ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। इसमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के तमाम बड़े अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने एलजी को बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने शहर के 62 बड़े जाम वाले स्थानों की पहचान की है, जहां ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए 160 से ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर इंटरवेंशन शुरू किए गए हैं। इनमें सड़क सुधार, ट्रैफिक मैनेजमेंट और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने से जुड़े कई कदम शामिल हैं।

**आईटीएमएस एआई तकनीक का होगा इस्तेमाल :** बैठक में बताया गया कि इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के जरिए एआई आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके माध्यम से ट्रैफिक की निगरानी, सिग्नल कंट्रोल और सड़क सुरक्षा को और बेहतर बनाया जाएगा। इसके अलावा ह्यप्रोजेक्ट संगमह्न के जरिए लोगों की शिकायतों और सुझावों को भी ट्रैफिक प्रबंधन से जोड़ा जाएगा, ताकि आम लोगों की समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके।

उप राज्यपाल ने गलत दिशा में वाहन चलाने, अवैध पार्किंग और भारी वाहनों की गैरकानूनी एंट्री को गंभीर समस्या बताते हुए इनके खिलाफ मिशन मोड में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जागरूकता अभियान और सख्त प्रवर्तन दोनों जरूरी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली को सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद ट्रांसपोर्ट सिस्टम देने के लिए तकनीक, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है।

# केरल का अगला सीएम कौन? राहुल गांधी ने टटोली नेताओं की नब्ज

**मैराथन बैठक**

**10 जनपथ पर हुई इस मुलाकात में राहुल ने जमीनी स्थिति और जनता की भावनाओं को गहराई से समझा**



**नई दिल्ली।** केरल में कांग्रेस की जीत के बाद मुख्यमंत्री के नाम को लेकर सस्पेंस अब अपने अंतिम दौर में है। मंगलवार को राहुल गांधी ने दिल्ली में पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ मैराथन बैठक की। 10 जनपथ पर हुई इस मुलाकात में राहुल गांधी ने जमीनी स्थिति और जनता की भावनाओं को गहराई से समझा। केरल की राजनीति के दिग्गजों से मशविरा लेने के बाद अब गेंद आलाकमान के पाले में है।

**बुधवार को हो सकता है नाम का एलान :** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के मुरलीधरन ने बैठक के बाद संकेत दिए हैं कि मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा बुधवार तक हो सकती है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बंगलूरू से रात को दिल्ली लौट रहे हैं। खरगे के आने के बाद सोनिया गांधी से अंतिम चर्चा होगी। इसके बाद ही आधिकारिक मुहर लगेगी।

**तीन दिग्गजों में है मुकाबला :** सीएम की रेस में तीन बड़े नाम सबसे आगे चल रहे हैं। इनमें रमेश चेन्निथला, वीडी सतीशन और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल हैं। राहुल ने इन नामों पर राय जानने के लिए वीएम सुधीरण, एमएम हसन और के सुधाकरण जैसे आठ पूर्व अध्यक्षों से वन-टू-वन बात की है।

# विरोध के बाद ज्योतिषी रिकी राधन पंडित की ओएसडी नियुक्ति हुई रद्द

**दबाव**

**रिकी राधन पंडित न केवल एक ज्योतिषी हैं, बल्कि वे टीवीके पार्टी के प्रवक्ता भी हैं**



**चेन्नई।** तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के रूप में ज्योतिषी रिकी राधन पंडित की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। यह फैसला नियुक्ति के महज एक दिन बाद ही भारी विरोध और राजनीतिक आलोचनाओं के चलते लिया गया है।

**नियुक्ति हुई रद्द :** सरकार के प्रधान सचिव ने 13 मई को एक आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि रिकी राधन पंडित की ओएसडी के रूप में नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। रिकी राधन पंडित न केवल एक ज्योतिषी हैं, बल्कि वे टीवीके पार्टी के प्रवक्ता भी हैं। चुनाव प्रचार के दौरान वे मुख्यमंत्री के बेहद करीबी सहयोगी रहे।

**विपक्षी दलों ने किया था नियुक्ति का विरोध :** इस नियुक्ति को लेकर विपक्षी दलों ने सरकार पर तीखे हमले किए थे। एआईएडीएमके के राज्यसभा सांसद आईएस इनबदुरई ने सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए लिखा कि ज्योतिषी अपनी खुद की किस्मत का अंदाजा नहीं लगा पाए और विजय सरकार के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। वहीं, डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने कहा कि एक ज्योतिषी केवल भविष्यवाणी कर सकता है, लेकिन सरकार चलाने के लिए नियमों और शक्तियों की समझ रखने वाले सलाहकार की जरूरत होती है।



## शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री जगदीश प्रसाद बोहरा** (आभानेरी वाले)

का देहावसान दिनांक 04 मई 2026 को हो गया। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। शोक सभा हेतु प्रतिदिन निज निवास 'बोहरा हाउस', पंचायत समिति कार्यालय के पीछे एवं पानी की टंकी के पास आयोजित बैठक में आप सादर आमंत्रित हैं।

-:: कार्यक्रम विवरण ::-

14 मई, 2026 (गुरुवार) : संगीत कीर्तन
15 मई 2026 (शुक्रवार) : द्वादशा, ब्रह्मभोज एवं पगड़ी रस्म

-:: स्थान ::-

'बोहरा हाउस', पंचायत समिति कार्यालय के पीछे एवं पानी की टंकी के पास

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु पधारकर श्रद्धांजलि अर्पित करें।

-:: शोकाकुल परिवार ::-

महेश शर्मा : पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी (मुख्यमंत्री कार्यालय)
मो. : 9116868686
दिनेश प्रसाद : पत्रकार, राजस्थान पत्रिका
राजेश शर्मा : अध्यापक (मो. : 7014409970)

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। गुरुवार 14 मई -2026
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# सरकार वाले पार्षद भी निगम कार्यकारिणी बैठक में देरी पर हैं नाराज वो पूछ रहे हैं कि जनता हमसे करती है सवाल हम क्या दें उन्हें जवाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की सबसे महत्वपूर्ण इकाई निगम कार्यकारिणी इस समय अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। ये कार्यकारिणी अहम मानी जाती है और इस कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष को बोलचाल की भाषा में डिप्टी मेयर भी कहा जाता है। कार्यकारिणी निगम प्रक्रिया का सबसे अहम अंग है। यहां बैठक होती है और इसमें विकास के प्रस्तावों पर मुहर लगती है। उसके बाद ये प्रस्ताव बोर्ड बैठक में आते हैं और फिर विकास का नक्शा तैयार हो जाता है। कार्यकारिणी की बैठक लंबे समय से नहीं हुई है और इस बैठक के ना होने से विपक्ष के पार्षदों की बात छोड़ो, सत्ताधारी दल भाजपा के पार्षद नाराज हैं। वो विकास चाहते हैं। वो कई बार बैठक कर चुके हैं। कार्यकारिणी बैठक को लेकर मांग कर चुके हैं। मगर निगम की कार्यकारिणी बैठक लगातार टल रही है। विकास प्रस्ताव टल रहे हैं। खास बात ये है कि निगम की कार्यकारिणी बैठक ना होने से भाजपा के पार्षद नाराज हैं। उनका कहना है कि विकास कार्यों में ब्रेक लग रहे हैं। कार्यकारिणी बैठक नहीं हो रही, बोर्ड बैठक नहीं हो रही और समय पर बैठक ना होने के कारण विकास अवरूद्ध हो रहा है। कार्यकारिणी बैठक होगी तो बोर्ड बैठक होगी। बोर्ड बैठक नहीं हो रही तो पार्षदों को विकास प्रस्ताव पास कराने में दिक्कत हो रही है। भाजपा के पार्षद इस बात को रख रहे हैं कि हमें तो यही समझ नहीं आ रहा कि हम क्षेत्र की जनता को क्या जवाब दें। लोग हमसे पूछ रहे हैं और हमारे पास यही जवाब नहीं है कि आखिर कार्यकारिणी की बैठक क्यों नहीं रही, बोर्ड बैठक क्यों नहीं हो रही। दैनिक करंट क्राइम ने हिंडन पार के भाजपा पार्षदों से बात की। भाजपा पार्षदों ने कार्यकारिणी और बोर्ड बैठक में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि बोर्ड बैठक और कार्यकारिणी बैठक जल्दी नहीं बताई गई तो सदन में मजबूती से आवाज उठाई जायेगी।

## विकास कार्यों में आ रही बाधा, जनता में आक्रोश का माहौल : राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक समय पर न होने को लेकर पार्षद राधेश्याम त्यागी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक समय-समय पर होनी चाहिए ताकि पार्षद अपने वार्ड की समस्याओं को सदन में रखकर समाधान करा सकें। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि नियम के अनुसार बोर्ड बैठक हर दो माह में आयोजित होनी चाहिए, लेकिन कई महीनों से बैठक नहीं बुलाई गई है। इससे पार्षद जनता की समस्याएं सदन तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं और विकास कार्यों में भी बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट जैसे जरूरी मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। पार्षदों को इन समस्याओं को सदन में उठाने का मौका न मिलने से जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बोर्ड बैठक जल्द बुलाई जाए और लंबित प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाए। पार्षद त्यागी ने कहा कि लोकतंत्र में पार्षद जनता की आवाज होते हैं। यदि उन्हें सदन में बोलने का अवसर नहीं मिलेगा तो विकास कार्य प्रभावित होंगे। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द बैठक नहीं बुलाई गई तो पार्षद सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराएंगे।

## समय पर बोर्ड बैठक न होने से बेलगाम हो रहे अधिकारी : पार्षद धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम। नगर निगम में समय पर बोर्ड बैठक न होने पर पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि बोर्ड बैठक समय पर नहीं होने से अधिकारी बेलगाम हो जाते हैं और अपनी मनमानी करने लगते हैं। पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि बोर्ड बैठक में ही पार्षद अपने वार्ड की समस्याओं को सदन के सामने रखकर चर्चा कर विकास कार्यों को गति दे सकते हैं। लेकिन जब बैठक ही समय पर नहीं होती तो जनता की समस्याएं लंबित रह जाती हैं। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है और उनका गुस्सा पार्षदों को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, सफाई, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे महीनों से लंबित हैं। अधिकारी बिना बोर्ड की स्वीकृति के फैसले लेते हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। पार्षद ने प्रशासन से मांग की कि नियम के अनुसार हर दो माह में बोर्ड बैठक अनिवार्य रूप से बुलाई जाए। इससे जनता की समस्याओं का समाधान समय पर हो सकेगा और विकास कार्य भी गति पकड़ेंगे। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द बैठक नहीं बुलाई गई तो पार्षद सदन में मजबूती से आवाज उठाएंगे।

## बोर्ड बैठक विकास कार्यों के लिए अत्यंत जरूरी : डॉ. अनिल तोमर



करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक को विकास कार्यों की रीढ़ बताते हुए वार्ड 98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि समय पर बैठक न होने से शहर के विकास पर सीधा असर पड़ रहा है। डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि बोर्ड बैठक ही वह मंच है जहां पार्षद अपने वार्ड की समस्याएं रखकर उन पर चर्चा कर समाधान निकाल सकते हैं। सड़क, नाली, सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी मुद्दों पर निर्णय केवल सदन में ही संभव हैं। बैठक लंबित रहने से प्रस्ताव अटक जाते हैं और जनता को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार हर दो माह में बोर्ड बैठक होनी चाहिए, लेकिन कई महीनों से बैठक नहीं बुलाई गई है। इससे अधिकारी भी मनमानी करने लगते हैं और पार्षद जनता की आवाज सदन तक नहीं पहुंचा पाते। पार्षद डॉ अनिल ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द बोर्ड बैठक बुलाई जाए ताकि लंबित प्रस्तावों पर चर्चा हो सके और विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समय पर बैठक होती है तो पार्षद अपने वार्ड की समस्याओं को सदन में रखकर समाधान कराकर जनता को राहत दिला सकते हैं।

## विकास में सबसे बड़ी बाधा बन रही देरी : कुसुम गोयल



करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक को समय पर आयोजित करना शहर के विकास के लिए अनिवार्य है। पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि बोर्ड बैठक में ही शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होती है और निर्णय लिए जाते हैं। पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि नियम के अनुसार बोर्ड बैठक हर दो माह में होनी चाहिए, लेकिन लंबे समय से बैठक न होने से वार्डों के विकास कार्यों में सबसे बड़ी बाधा खड़ी हो गई है। सड़क, नाली, सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी समस्याएं महीनों से लंबित हैं। पार्षद जनता की समस्याओं को सदन में रखकर समाधान नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक न होने से अधिकारी भी मनमाने तरीके से काम करने लगते हैं और जनता की आवाज दब जाती है। इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। पार्षद गोयल ने प्रशासन से मांग की कि बोर्ड बैठक जल्द बुलाई जाए ताकि लंबित प्रस्तावों पर चर्चा हो सके और विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि समय पर बैठक होने से पार्षद अपने वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से रखकर समाधान करा सकते हैं, जिससे शहर का विकास तेज होगा।

# भगवा सियासी गलियारों में चल रही है जबर्दस्त चर्चा, क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली कुर्सी पर आ रहा है कोई गुर्जर चेहरा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में सभी लोग पद के लिये प्रयास करते हैं, टिकट के लिये प्रयास करते हैं, लेकिन जब प्रयास वाला दौर होता है तो एक दौर कयास का भी चलता है। प्रयास वाले अपने-अपने स्तर पर प्रयास करते हैं, लेकिन कयास लगाने वाले लोग अपने-अपने स्तर पर कयास लगाते हैं। भाजपा में इस समय क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा का इंतजार हो रहा है। जिस दिन प्रदेश कमेटी घोषित होगी, उसी दिन क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम भी घोषित होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा में क्या समीकरण रहेंगे इसको लेकर भाजपा में चर्चा चली रही है। सूत्र बताते हैं कि यहां ओबीसी कार्ड खेला जा सकता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कौन सा चेहरा होगा, कौन से समाज से आयेगा अभी तय नहीं है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि यह चेहरा गुर्जर चेहरा हो सकता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी की कड़ियों को जोड़े तो पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी त्यागी बनें। यह जनरल कार्ड था और फिर इसके बाद मोहित जायसवाल के रूप में ओबीसी कार्ड और जाट फैक्टर पर काम हुआ। मोहित जायसवाल के बाद फिर समान कार्ड चला गया और यहां ठाकुर चेहरे के रूप में सतेंद्र शिशौदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष बनें। अब ये माना जा रहा है कि ओबीसी फैक्टर पर काम होगा और यहां गुर्जर चेहरा क्षेत्रीय अध्यक्ष हो सकता है। गुर्जर चेहरे मे कौन चेहरा होगा इसे लेकर कई नाम चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस कड़ी में एक पूर्व सांसद का भी नाम चल रहा है। इसके अलावा एक एमएलसी के नाम पर भी दिल्ली में चर्चा हुई है। सूत्रों की मानें तो दादरी से लेकर मेरठ और गाजियाबाद के नामों का जिक्र हो रहा है। गाजियाबाद के एक भगवा गुर्जर चेहरे के नाम पर भी सहमति बन सकती है। एक एमएलसी का नाम चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि नाम कई हैं, लेकिन गुर्जर फैक्टर पर काम करने के निर्देश मिले हैं। भाजपा के पास कई गुर्जर चेहरे हैं और किसी एक गुर्जर चेहरे को क्षेत्रीय अध्यक्ष वाला ताज पहनने का मौका मिलेगा। बुधवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली रेस की सरगर्मी रही है। गुर्जर बिरादरी का समीकरण यहां काम कर रहा है। फिलहाल क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली राजनीति का केंद्रबिंदु गुर्जर समाज है। कहने वाले इसी बात को कह रहे हैं कि यह भगवा सियासत है और यहां समीकरणों का ऊंट किसी भी करवट बैठ जाता है।

# ऊर्जा बचत की मुहिम में उतरे मंत्री नरेंद्र कश्यप सुरक्षा काफिला घटाया, पैदल चलने का लिया संकल्प

**पहल**

**मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने काफिले में शामिल चार वाहनों में से दो गाड़ियों को हटाने का निर्णय लिया**





**मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह भी घोषणा की है कि यदि उन्हें लखनऊ, विधानसभा, मंत्री आवास या गाजियाबाद में आसपास की दूरी तय करनी होगी तो वह पैदल चलकर जाएंगे या आवश्यकता पड़ने पर सरकारी बस और रेल सेवा का उपयोग करेंगे।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश में ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर चल रही मुहिम अब सरकार के मंत्रियों के व्यवहार में भी दिखाई देने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की अपील के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी ऊर्जा बचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने सरकारी सुरक्षा काफिले में शामिल चार वाहनों में से दो गाड़ियों को हटाने का निर्णय लिया है। अब वह केवल दो वाहनों के साथ ही आवागमन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की है कि यदि उन्हें लखनऊ, विधानसभा, मंत्री आवास या गाजियाबाद में आसपास की दूरी तय करनी होगी तो वह पैदल चलकर जाएंगे या आवश्यकता पड़ने पर सरकारी बस और रेल सेवा का उपयोग करेंगे।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि देशहित में ऊर्जा संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को ईंधन बचत की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि वे अपने घरों में बिजली की अनावश्यक खपत रोकें। जिस कमरे में लोग रह रहे हों या सो रहे हों, केवल वहीं का पंखा, लाइट और एयर कंडीशनर चलाएं तथा बाकी कमरों के विद्युत उपकरण बंद रखें।

उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव करके देश करोड़ों यूनिट बिजली और लाखों लीटर ईंधन की बचत कर सकता है। इससे न केवल आर्थिक बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ी मदद मिलेगी।

### मुख्यमंत्री की बैठक में भी पैदल जाएंगे मंत्री

करंट क्राइम। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जानकारी दी कि बुधवार शाम उनकी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में शामिल होने के लिए वह अपने आवास से मुख्यमंत्री कार्यालय तक पैदल ही जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करेंगे तो आम जनता भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति गंभीर होगी।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि देशहित में सभी लोगों को ऊर्जा बचत का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता केवल सरकारी योजनाओं की नहीं, बल्कि जनभागीदारी की है। यदि प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे तो देश ऊर्जा संकट और बढ़ती ईंधन लागत की चुनौती का मजबूती से सामना कर सकता है।

**मंत्री नरेंद्र कश्यप के बड़े फैसले**

करंट क्राइम। सुरक्षा काफिले की चार में से दो गाड़ियां हटाईं, आसपास की दूरी पैदल तय करेंगे, सरकारी बस और रेल से करेंगे अधिकांश सफर, घरों में बिजली बचाने की जनता से अपील, अनावश्यक एसी, पंखे और लाइट बंद रखने का संदेश। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि ऊर्जा बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम छोटी-छोटी सावधानियां अपनाएं तो देश के संसाधनों की बड़ी बचत की जा सकती है। मैं स्वयं इसकी शुरूआत अपने जीवन से कर रहा हूं ताकि लोग भी प्रेरित हों।

# सपा नेता अभिषेक गर्ग के सुपुत्र शिव गर्ग ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया परिवार का नाम रोशन





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग के सुपुत्र शिव गर्ग ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। ये उपलब्धि केवल शिक्षा की नहीं है, ये उपलब्धि परिवार की प्रतिष्ठा की है, उच्च संस्कारों की है और दादा दादी के आशीर्वाद की है। बेहद शालीन, विनम्र परिवार और जब शिव ने यह सफलता हासिल की तो उनका सौभाग्य है कि उन्हें अपने दादा दादी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। एक बार फिर ये बात भी परिलक्षित हुई कि शिक्षा का सूरज वहीं चमकता है जहां संस्कारों का उजाला होता है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि खुशी इतनी है कि पहले से भी ज्यादा बढ़ गया है भगवा चौरसिया के डोलो का साईज? सुना है किसी को उनके बाईसेप्स लगते हैं बहुत ही नाईस? उनकी फिजिक की चर्चा होती है हर जगह आम? मगर कभी कभी कुछ ऐसा घटता है कि आ जाती है उनके साथ वालों के चहरों पर मुस्कान? कहने वाले ने कहा कि अब चौरसिया जी नहीं है इतने भोले? उन्हें पता है उनके डोले आजकल बना रहे हैं शोले?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? चोटी वाले त्यागी को विधानसभा की दावेदारी के लिए प्रेरित करने के पीछे है एक गुर्जर चेहरे का हाथ? हम यहां पर स्पष्ट करना चाहते हैं कि इस प्रेरणा के पीछे हम नहीं कर रहे हैं रेखा पार के जख्मी गुर्जर की बात? चुटिया वालों को ईशारा उन गुर्जर चेहरे की ओर से मिला है? जिन्होंने इनका जन्मदिन मनाया था बहुत ही खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था विधायक जी के समर्थक के पास? उसने तेवतिया जी का इन्टरव्यू देखकर प्रकट किये अपने जज्बात? उन्होंने कहा कि जब तेवतिया जी को मोदीनगर पिछले चुनाव में ऑफर हो ही चुका है? तो फिर उनको करना चाहिए यहां के लिए ही प्रयास? हम उनको देना चाहते है सदेश कि यही है उनके लिए बेहतर सीट? एक समय वो मुरादनगर से लड़े? उसी समय एक त्यागी जी मोदीनगर से लड़े? आप ही बताओ उस वक्त कहां रहा था रिजल्ट ठीक? समीकरण बदला तबसे बड़े-बड़े अंतर से मिल रही है इन सीटों पर जीत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक साथ घूमने लगे हैं दोनों जिगरी यारी? एक है कमान्डर, दूसरे हैं रेसलर भारी? आजकल दोनों के होने लगे हैं फिर से दीदार? ऐसा लग रहा है कि पहलवान को मिल गया है कोई बड़ा आश्वासन? इसलिए हो रहे हैं उनके खोड़ा में दीदार? देखना जैसे गर्ग साहब ने कमान्डर का आशीर्वाद लिया है वैसे ही वो करेंगे पहलवान का बेड़ा पार? वैसे भी पहलवान ने सांसद खेल महोत्सव में गर्ग साहब के लिए रात दिन एक कर दिये थे यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप खोड़ा में भगवा पहलवान की दस्तक को केवल पालिका तक मत करो सीमित? जब थोड़ा ध्यान लगाओगे तो आपको संभावनायें दिखायी देंगी असीमित? यहां पर एक तीर से दो शिकार करने की चल रही है तैयारी? दोनों मिशन यहां से बैकअप के रूप में लिये जा रहे हैं? ताकि मजबूत रहे भूमिका सारी? इस बात को हैवीवेट खेमे के समर्थक भी ठीक से रहे हैं समझ? कह रहे हैं दोनों दोस्त ऐसा सोच रहे हैं जैसे हमारे पास नहीं है मगज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब तो हर जगह शुरू हो चुका है विधानसभा की दावेदारी का नजारा? उधर हम देख रहे हैं मुरादनगर के केडी त्यागी जी नहीं मार रहे हैं उस अंदाज में उभारा? सुना है वो एक बवंडर से भी निकल चुके हैं बाहर? कम से कम अब बाहर तो निकालें अपने अंदर का दावेदार? कहने वाले ने कहा कि वो कब अपनी चाहत का बिगुल फूंकेंगे? शिद्दत से कर रहे हैं उनके समर्थक इस बात का इंतजार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है उनके जग गये हैं फिर से साहब के प्रति अरमान? हमने देखा भले ही उन्होंने शंकर जी को दी हो बर्थडे की बधाई? मगर फोकस में था साहब का फोटो श्रीमान? कहने वाले ने कहा वो वैसे भी साहब से खुद को नहीं रख सकते हैं दूर? सम्मान अब भी उतना ही वो करते हैं हुजूर? लगता है उन्होंने खोला है फिर से अपने दिल का हल्का सा दरवाजा? लगता है फिर से वो अपने संबंधो को करना चाहते हैं ताजा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रहा था जिला कार्यसमिति का कार्यक्रम? तब हमने अपनी सुनने की क्षमता को कियाहुआ था बारीक? हम देख रहे थे यहां पर भगवा कमान्डर खूब कर रहे थे शर्मा एन्ड कम्पनी के डायरेक्टर की तारीफ? वो उनकी तारीफों के बांध रहे थे जबरदस्त पुल? ऐसा लग रहा था जैसे तैयार कर रहे हों वो उनके लिए नदियापार पहुंचने का पुल? इसलिए उनके अरमान रहे थे खुल? वो कर रहे थे कुछ इस अंदाज में शर्मा जी को पुल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि समझने वाले ने समझ लिया था कमान्डर द्वारा की जा रही शर्मा एन्ड कम्पनी का ईशारा? उन्होंने भी फिर यहां पर हंसके एक ईशारा मारा? बोले हमें पता है आप क्यों कर रहे हो इनका इतना प्रचार? कंधा इनका होगा और निशाना आप साधोगे यार? लगता है शर्मा जी राजनीति के इस फील्ड में चल रहे होले होले हैं? आप कितने शार्प हो और देखो तारीफों के छज्जे पर बैठै हमारे शर्मा जी कितने भोले हैं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वैसे ही बैठे बैठे मेरे दिल में आया विचार? क्या नदियापार के शुक्ला जी ने डाल दी है इस बार हथियार? नहीं आ रहे हैं उनके दावेदारी के अरमान बाहर? या फिर पिछली बार की तरह हैं कोई वो सरप्राईज देने को तैयार? जो भी हो बात तो आनी चाहिए बाहर? आखिर वो भी पार्टी के पुराने डायमंड हैं? कब तक उनको नहीं आने दिया जायेगा डिब्बे से बाहर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# नीट पेपर लीक संकट

देश भर में हर साल लाखों विद्यार्थी इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। मगर उनकी उम्मीदें तब धुंधली पड़ जाती हैं, जब परीक्षा में अनियमितता की बातें सामने आती हैं या फिर पचाफीड़ की वजह से परीक्षा को रद्द कर दिया जाता है। इस बार भी मेडिकल प्रवेश परीक्षा ह्यनीट-यूजी-2026में पचाफीड़ के गंभीर आरोप लगे हैं, जिस कारण राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित परीक्षा को रद्द कर दिया है। साथ ही इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई है। सवाल है कि इस तरह की प्रवेश परीक्षाओं में बार-बार गड़बड़ियों के मामले सामने क्यों आ रहे हैं? एनटीए का दावा है कि प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उसे संबंधित परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में पूरी गोपनीयता बरती जाती है और जरूरी सुरक्षा मानदंडों का भी कड़ाई से पालन किया जाता है, फिर क्या वजह है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र चुनिंदा विद्यार्थियों तक पहुंच जाता है! आखिर एनटीए और जांच एजंसियां उस सिरे को क्यों नहीं ढूंढ पा रही हैं, जिसकी वजह से इस तरह की गड़बड़ियों का सिलसिला जारी है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब एनटीए की ओर से आयोजित की जाने वाली किसी प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। वर्ष 2024 में नीट की परीक्षा देने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने शिकायत की थी कि उन्हें दूसरी भाषा के प्रश्नपत्र दिए गए। इसके बाद एनटीए की ओर से क्षतिपूर्ति के तौर पर प्रभावित परीक्षार्थियों को दिए गए कृपांक को लेकर भी गंभीर सवाल उठे थे। इससे पहले वर्ष 2021 में भी कुछ छात्रों को गलत प्रश्नपत्र दिए जाने और कई केंद्रों पर परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग की शिकायतों से विवाद हुआ था। सरकार ने वर्ष 2018 में एनटीए की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षाएं आयोजित करना है, जिनमें नीट, जेईई, यूजीसी और नेट भी शामिल हैं। दरअसल, प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रिया को पारदर्शी, कुशल और निष्पक्ष बनाना एनटीए की बुनियादी प्राथमिकता है। मगर, इनमें जिस तरह से एक के बाद एक विसंगतियां सामने आ रही हैं, उससे इस एजंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। नीट यूजी 2026 परीक्षा में करीब 23 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। एनटीए का दावा है कि इस परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने में पूरी गोपनीयता बरती गई और इन्हें ह्यजीपीएस-ट्रैकिंगह्ण वाले वाहनों में ले जाया गया था। परीक्षा केंद्रों की निगरानी एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से एआइ-सहायता प्राप्त सीसीटीवी के माध्यम से की गई थी। सुरक्षा के इन तमाम प्रबंधों के बावजूद अगर प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही कुछ विद्यार्थियों तक पहुंच जाता है, तो यह वास्तव में बहुत ही गंभीर मसला है।

# पीएम मोदी की ग्रीन ग्रोथ नीति के मुरीद हुए नॉर्वे के पूर्व मंत्री बोले- दुनिया के सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी नॉर्वे दौरे से पहले नॉर्वे के पूर्व पर्यावरण मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम पूर्व प्रमुख एरिक सोलहेम ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। सोलहेम ने पीएम मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता बताते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के नेताओं को उनकी 'ग्रीन ग्रोथ' नीति से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। नॉर्वे के प्रतिष्ठित अखबार डेगेंस नेरिंग्सलिव में प्रकाशित अपने लेख में एरिक सोलहेम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलने वाला मॉडल पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों से अपील की कि वे पीएम मोदी के विचारों को गंभीरता से सुनें।

### एरिक ने ढट मोदी की जमकर की तारीफ



सोलहेम ने लिखा कि किसी भी बड़े देश में ऐसा कोई नेता नहीं है जिसे अपने देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितना समर्थन और प्यार मिलता हो। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की लोकप्रियता 70 प्रतिशत के करीब है, जो उन्हें दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल करती है। उन्होंने पीएम मोदी के साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने के सफर को भी असाधारण बताया। सोलहेम ने लिखा कि मोदी ने अपने जीवन और राजनीतिक करियर को अपनी मेहनत और नेतृत्व क्षमता के दम पर बनाया।

### भारत की तेज आर्थिक विकास दर का भी किया जिक्र

एरिक सोलहेम ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो चीन सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर है। उन्होंने कहा कि अगर इसी गति से विकास जारी रहा तो वर्ष 2050 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सोलहेम ने मोदी सरकार के दौरान देश में हुए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को भी उल्लेखनीय बताया।

### भारत बना नवीकरणीय ऊर्जा का बड़ा केंद्र

पूर्व वटएढ प्रमुख ने पीएम मोदी को ग्रीन ग्रोथ का गारंटर बताते हुए भारत की सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं की तारीफ की। उन्होंने गुजरात में बन रहे विशाल सोलर पार्क और आंध्र प्रदेश में विकसित हो रही दुनिया की सबसे बड़ी सोलर-विंड-हाइड्रो परियोजना का जिक्र किया। सोलहेम ने कहा कि भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा है और जल्द ही अमेरिका को भी पीछे छोड़ सकता है।

# उतार-चढ़ाव के बीच हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

## पश्चिम एशिया संकट के असर के बीच बाजार में दिनभर रही हलचल, रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.80 तक पहुंचा



नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच बुधवार को निवेशकों में सतर्कता का माहौल देखने को मिला। हालांकि, दिनभर की उठापटक के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों हरे निशान में बंद हुए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,608.98 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में कई बार तेज गिरावट और रिकवरी देखने को मिली। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 46.46 अंक यानी 0.20 प्रतिशत मजबूत होकर 23,426.00 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय मुद्रा पर दबाव बना रहा। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 95.80 तक पहुंच गया, जिससे आयात और विदेशी निवेश को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का असर भारतीय बाजार पर दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद घरेलू निवेशकों की खरीदारी ने बाजार को संभालने में अहम भूमिका निभाई।

# अप्रैल में भारत में हुए $22.8 अरब के 220 कारोबारी सौदे, विदेशी कंपनियों में निवेश बढ़ा



नई दिल्ली। अप्रैल 2026 में भारत के कारोबारी बाजार में अचानक बड़ा उछाल आया और 220 सौदों में 22.8 अरब डॉलर का रिकॉर्ड कारोबार हुआ। दिलचस्प बात यह रही कि कम सौदे हुए, लेकिन हर सौदे बहुत बड़े था और ज्यादातर विदेशी निवेश से जुड़े थे। इससे संकेत मिला कि भारतीय कंपनियां अब तेजी से वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा रही हैं। अप्रैल 2026 में भारत में कुल 220 बड़े कारोबारी समझौते हुए, जिनकी कुल कीमत 22.8 अरब डॉलर रही। यह सब ऐसे समय हुआ, जब दुनिया के कई देशों के बीच तनाव और आर्थिक अनिश्चितताएं हैं। ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट के अनुसार, कई भारतीय कंपनियों ने दूसरे देशों की कंपनियों को खरीदने या उनके साथ मिलकर काम करने के के लिए बड़े समझौते किए। इसी वजह से कुल सौदों की कीमत बहुत बढ़ गई। अप्रैल में पांच बड़े सौदे ऐसे थे, जिनकी कीमत एक अरब डॉलर से ज्यादा थी। इन पांच सौदों की कुल कीमत 17.4 अरब डॉलर रही।

कुल मिलाकर 103 ऐसे बड़े व्यापारिक सौदे (विलय और अधिग्रहण) हुए, जिनकी कीमत 18.7 अरब डॉलर रही। यह पिछले कई महीनों में सबसे ज्यादा है। इस महीने विदेशी कंपनियों को खरीदने या विदेश में निवेश करने वाले सौदे बहुत बढ़े। 21 ऐसे बड़े सौदे हुए, जिनकी कीमत 17.7 अरब डॉलर रही।

# एअर इंडिया का बड़ा फैसला: अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती, कई विदेशी मार्ग निलंबित





नई दिल्ली। एअर इंडिया ने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और जेट ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण जून से अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। दिल्ली-शिकागो, मुंबई-न्यूयॉर्क सहित कई प्रमुख मार्ग अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगे। हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों और जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण एअर इंडिया ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एयरलाइन अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करेगी। साथ ही, कुछ विदेशी मार्गों पर सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित की जाएंगी।

यह कदम जून से अगस्त के महीनों के लिए उठाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अपने नेटवर्क की स्थिरता में सुधार लाना है। एअर इंडिया ने बताया कि यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय सेवाओं के लिए किया जा रहा है। हवाई क्षेत्र संबंधी चुनौतियों के कारण उड़ानें संचालित करना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही, जेट ईंधन की ऊंची कीमतें भी परिचालन लागत बढ़ा रही हैं। दिल्ली-शिकागो, मुंबई-न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई और चेन्नई-सिंगापुर जैसे प्रमुख मार्गों पर सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इनके अलावा, दो अन्य विदेशी मार्गों पर भी उड़ानों का निलंबन होगा। यह फैसला यात्रियों और यात्रा योजनाओं पर सीधा असर डालेगा।

**कटौती के प्रमुख कारण :** एअर इंडिया ने अपने इस फैसले के पीछे दो मुख्य कारण बताए हैं। पहला कारण हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंध हैं, जो कुछ क्षेत्रों में उड़ानों के संचालन को बाधित कर रहे हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।
- इस्लाम भारत का और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।
- विश्व की सबसे बड़ी डाक व्यवस्था केवल भारत के ही पास है।
- भारतीय रेल (Employers) के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी संस्था है. इससे 170000 के लगभग कर्मचारी जुड़े हुए हैं. बहुत से देशों की तो जनसँख्या भी इतनी नहीं है।
- दुनिया का सबसे ऊँचा क्रिकेट मैदान भी भारत में है. यह क्रिकेट स्टेडियम हिमाचल प्रदेश के चैल में चैल क्रिकेट स्टेडियम है जिसकी ऊंचाई 2,444 मीटर है और यह 1893 में बनाया बनाया गया दुनिया का सबसे ऊँचा स्टेडियम है।
- भारत की तकनीकी राजधानी बंगलुरु में 2006 के बाद कार्यालयों की संख्या में छह गुना से अधिक इजाफा हुआ है. और अब सिंगापुर की तुलना से अधिक ग्रेड- अ कार्यालय बंगलौर में है।
- 2,444 मीटर ऊचाई पर स्थित चैल क्रिकेट मैदान जो कि हिमाचल प्रदेश में है. दुनिया का सबसे ऊचा क्रिकेट मैदान है।
- वर्तमान समय में भारत देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# आंध्र में 2,816 करोड़ की रेलवे लाइन परियोजना को हरी झंडी, नोएडा एयरपोर्ट पर यूडीएफ की दरें जारी



नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम से सांसद वल्लभनेनी बालशौरी ने बताया कि 2,816 करोड़ रुपये की नई मछलीपट्टनम-रेपल्ले रेलवे लाइन परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। यह 47.60 किलोमीटर लंबी ब्रॉड-गेज लाइन मछलीपट्टनम से रेपल्ले तक बनेगी। प्रशासनिक मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद है और इसे चार साल में पूरा करने का लक्ष्य है। अंतिम स्थान सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार है। इसमें छह रेलवे स्टेशन, 70 पुल और 24 रेलवे अंडरब्रिज शामिल होंगे। भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश में बन रहे हवाईअड्डे को लेकर बड़ा फैसला लिया है। नियामक संस्था- एरा ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री विकास शुल्क निर्धारित कर दिए हैं। यह शुल्क वित्तीय वर्ष 2027 के लिए तय किए गए हैं। घरेलू प्रस्थान करने वाले यात्रियों के लिए यह शुल्क 490 रुपये होगा। अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान करने वाले यात्रियों को 980 रुपये का शुल्क देना होगा। घरेलू आगमन करने वाले यात्रियों के लिए 210 रुपये का शुल्क तय किया गया है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय आगमन करने वाले यात्रियों को 420 रुपये का भुगतान करना होगा।

# सोने-चांदी पर आयात शुल्क में भारी इजाफा, दुबई के रास्ते बढ़ेगा आयात




नई दिल्ली। भारत सरकार की ओर से सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के बाद सरार्फा बाजार का समीकरण पूरी तरह से बदल गया है। इस भारी बढ़ोतरी के बाद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत दुबई से होने वाले आयात में बड़ी वृद्धि देखने को मिल सकती है। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, इस नए टैरिफ ढांचे ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के रास्ते होने वाले आयात को गहराई से प्रभावित किया है। आयात शुल्क में बदलाव का क्या होगा असर पुरानी व्यवस्था के तहत सोने और चांदी पर 5 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) और 1 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) लगता था, जिससे कुल लेवी 6 प्रतिशत थी। इसमें 3 प्रतिशत इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) जोड़ने के बाद प्रभावी शुल्क 9.18 प्रतिशत बैठता था। लेकिन नए संशोधित ढांचे में सरकार ने बीसीडी को दोगुना कर 10 प्रतिशत और एआईडीसी को पांच गुना बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप कुल सीमा शुल्क 6 प्रतिशत से सीधे 15 प्रतिशत हो गया है, और आईजीएसटी सहित प्रभावी आयात शुल्क 9.18 प्रतिशत से उछलकर 18.45 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सीईपीए के तहत, भारत मई 2022 से शुरू होने वाली दस साल की अवधि में चांदी पर आयात शुल्क को 10 प्रतिशत से घटाकर शून्य करने पर भी सहमत हुआ था।

### दुबई के रास्ते आयात में क्यों आएगी तेजी?

भारत ने एक टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) प्रणाली के तहत दुबई से सामान्य मोस्ट-फेवर्ड-नेशन (एमएफएन) दर से एक प्रतिशत कम टैरिफ पर सोने के आयात की अनुमति दी थी। यह कोटा 2022 में सालाना 120 टन से शुरू हुआ था और 2027 तक इसे 200 टन तक बढ़ाया जाना है, जो भारत के सालाना स्वर्ण आयात का लगभग एक-चौथाई हिस्सा है। जीटीआरआई के अनुसार, नई व्यवस्था में प्रभावी शुल्क 15 प्रतिशत होने से यूएई कोटे के तहत आने वाला सोना 14 प्रतिशत शुल्क पर भारत में प्रवेश करेगा। टैरिफ का यह अंतर वैश्विक बुलियन को दुबई के रास्ते भारत लाने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, भले ही यूएई खुद सोने या चांदी का खनन नहीं करता है।

## राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों में धन की प्राप्ति हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां भी आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह :** वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। कारोबार के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। यात्रा में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय वृद्धि होगी।

**कन्या :** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला :** मन शान्त रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी।

**वृश्चिक :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। ऑफिस में अतिरिक्त कार्यभार मिलेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**धनु :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। नौकरी में विदेश जा सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कुंभ :** संयत रहें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन :** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के साथ स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## चुटकुले

पत्नी - सुनो जी, आपकी याददाश्त कमजोर होती जा रही है।
पति - कौन सी बात?
पत्नी -यही कि मैं आपकी पत्नी हूं, पड़ोसन नहीं... रोज देखकर मुस्कुरा देते हो!

-----

टीचर — बताओ सबसे ज्यादा नशा किस चीज में होता है?
स्टूडेंट — किताबों में...
टीचर — कैसे?
स्टूडेंट — खोलते ही नींद आ जाती है!

-----

दोस्त — भाई तू इतना परेशान क्यों है?
लड़का — यार गर्लफ्रेंड कह रही है — तुम बदल गए हो।
दोस्त — तो?
लड़का— अब उसे कौन समझाए... टूथपेस्ट भी लिखा रहता है "नया और बेहतर"!

-----

पापा — रिजल्ट कैसा आया?
बेटा — मास्टर जी ने कहा है कि एक और साल इसी क्लास में पढ़ने का मौका मिलेगा।

-----

बीवी — मैं घर छोड़कर जा रही हूं!
पति — मैं भी निर्मल बाबा के पास जा रहा हूं।
बीवी — क्यों?
पति — वही बताएंगे कि इतनी खुशी को संभालूं कैसे!

## 14 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# जोरावर एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए, एशिया के नंबर एक ट्रैप निशानेबाज का है तमगा



**नई दिल्ली।** एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने हालांकि ऐसी किसी संभावना से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'यह लगभग 99 प्रतिशत तय है कि यही टीम एशियाई खेलों में भाग लेगी।'

एशिया में नंबर एक और विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की संभावित शॉटगन टीम में शामिल नहीं किया गया है जबकि वह देश के शीर्ष ट्रैप निशानेबाजों में से एक हैं और उन्होंने पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप और घरेलू चयन ट्रायल के दौरान जोरावर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप फाइनल्स की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद उनके लिए इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें एशियाई खेलों के लिए संभावित टीम में जगह नहीं मिली है। वह एक महीने पहले तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे।

जोरावर ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) से अपने फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने तर्क दिया है कि पिछले छह महीनों में भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया है। एनआरएआई ने हालांकि स्पष्ट किया है कि वह ह्यह्यडेढ़ साल पहले लागू की गई चयन नीति का सख्ती से पालन करेगा।

एनआरएआई के महासचिव पवन कुमार सिंह ने कहा कि पुरुषों की संभावित ट्रैप टीम में बदलाव होने की किसी भी तरह की संभावना नहीं है। इस टीम में काइनन चेनाई, अहवर रिजवी और शपथ भारद्वाज शामिल हैं, जो 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेंगे।

47 वर्षीय जोरावर पिछले साल अक्टूबर में एथेंस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ट्रैप शूटिंग में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय निशानेबाज बने थे। जोरावर ने कहा, 'एनआरएआई को टीम के चयन पर फिर से विचार करना चाहिए लेकिन उनका फैसला जो भी होगा उसे मुझे स्वीकार करना होगा।

# किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधू ने जीते मुकाबले, दूसरे दौर में पहुंचे





**नई दिल्ली।** किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूनामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए।

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूनामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराया। वहीं, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग को मात दी।

श्रीकांत का सामना चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी। एशिया चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचे आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी जबकि तरूण मन्नेपल्ली जापान के ही कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हार गए। उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब को क्रमशः थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग और चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फेइ ने हराया। हुड्डा को 21-11, 17-21, 16-21 से पराजय मिली जबकि खरब को टोक्यो ओलंपिक चैंपियन ने 21-19, 13-21, 18-21 से हराया।

# पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत का बड़ा इनाम

## बांग्लादेशी खिलाड़ियों की आईसीसी रैंकिंग में लंबी छलांग



**दुबई।** पाकिस्तान पर 104 रन की ऐतिहासिक जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो, मुशफिकुर रहीम, मोमिनुल हक समेत कई खिलाड़ियों ने लंबी छलांग लगाई है। इस जीत के बाद बांग्लादेश ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भी पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है।

बांग्लादेश ने मीरपुर टेस्ट में पाकिस्तान को 104 रन से हराकर इतिहास रच दिया। इस शानदार जीत के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ा फायदा मिला है। यह मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में बांग्लादेश की पहली जीत भी है।

### कप्तान शांतो ने लगाई सबसे बड़ी छलांग

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने इस जीत के सबसे बड़े नायक रहे। उन्होंने पहली पारी में शतक लगाया और दूसरी पारी में अहम 87 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने शांतो आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 16 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। मुशफिकुर रहीम ने मैच में 71 और 22 रन बनाए, जिसके बाद वह दो स्थान ऊपर चढ़कर 26वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

वहीं मोमिनुल हक ने 91 और 56 रन की पारियां खेलीं। इसका फायदा उन्हें 12 स्थान की छलांग के रूप में मिला और अब वह 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### गेंदबाजों की रैंकिंग में भी सुधार

बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में दो-दो विकेट लिए। वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दूसरी पारी में 5/92 का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 64वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### पाकिस्तान को हार के बीच एक खुशखबरी

हालांकि पाकिस्तान को हार मिली, लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास के लिए अच्छी खबर आई है। पहली पारी में 5/92 लेने के बाद वह आईसीसी रैंकिंग में दोबारा लौटे हैं और 28वें स्थान पर पहुंचे हैं। वहीं डेब्यू करने वाले अब्दुल्लाह फजल और अजैन अवैस भी रैंकिंग में क्रमशः 75वें और 82वें स्थान पर शामिल हुए हैं।

### WTC तालिका में पाकिस्तान से आगे निकला बांग्लादेश

इस दमदार जीत के बाद बांग्लादेश ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है। यह जीत टीम के आत्मविश्वास और भविष्य दोनों के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। मीरपुर टेस्ट सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि बांग्लादेश क्रिकेट के लिए बड़ा संदेश है।

## टीम इंडिया से ड्रॉप हुए पर चुप रहे, मेहनत की..

# 36 साल के भुवनेश्वर कुमार ने फिर दुनिया को झुका दिया

**बंगलूरू।** 36 वर्षीय भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन कर साबित कर दिया है कि क्लास कभी खत्म नहीं होती। टीम इंडिया से बाहर होने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी, बल्कि खुद को और मजबूत बनाया। आरसीबी के लिए खेलते हुए वह 21 विकेट लेकर पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। शांत स्वभाव, अनुशासन और लगातार मेहनत ने उन्हें फिर से खतरनाक गेंदबाज बना दिया है।

कभी भारतीय क्रिकेट की नई गेंद का सबसे भरोसेमंद नाम रहे भुवनेश्वर कुमार को जब टीम इंडिया से बाहर किया गया, तब बहुतों को लगा कि अब उनकी कहानी खत्म हो चुकी है। उम्र बढ़ रही थी, चोटें पीछा कर चुकी थीं, और क्रिकेट नई पीढ़ी की तरफ बढ़ चुका था। लेकिन भुवनेश्वर उन खिलाड़ियों में नहीं थे जो शोर मचाते हैं। उन्होंने जवाब देने के लिए शब्द नहीं चुने... उन्होंने गेंद चुनी। आज 36 साल की उम्र में वह आईपीएल 2026 में फिर चमक रहे हैं।

**पर्पल कैप और विकेटों की बारिश:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए भुवनेश्वर कुमार इस सीजन 21 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किए हुए हैं। यह चौथा मौका है जब उन्होंने क्ढछ में 20 से ज्यादा विकेट लिए हैं। वह आईपीएल इतिहास में 200 विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज भी बन चुके हैं। डेथ ओवरों में उनकी इकॉनमी 7.8 है, जो इस सीजन सर्वश्रेष्ठ मानी जा रही है। पावरप्ले में उनके 12 विकेट भी दिखाते हैं कि नई गेंद से वह आज भी उतने ही खतरनाक हैं।

### भुवनेश्वर ने कहा- बाहर होने के दिन भी मैं शांत था

टीम इंडिया से बाहर होना किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे कठिन दौर होता है। लेकिन भुवनेश्वर ने इसे अलग नजरिए से देखा। उन्होंने कहा, 'स्वीकार क र ना। मुश्किल होता है, लेकिन जब आप उससे शांति बना लेते हैं, तब आप अलग तरह से सोचते हैं। जिस दिन मुझे भारतीय टीम से बाहर किया गया, उस दिन भी मैं शांत था। मैं एक दशक तक वहां रहा था, सब कुछ देख चुका था। इसलिए खुद को चीजों से अलग करना आसान हो गया।' यह बयान बताता है कि महान खिलाड़ी सिर्फ खेल से नहीं, सोच से भी बड़े होते हैं।

**36 की उम्र में मेहनत और बढ़ा दी:** भुवनेश्वर मानते हैं कि अब रिकवरी पहले जैसी आसान नहीं



भुवनेश्वर ने अपनी नकल बॉल, यॉर्कर और विविधताओं पर खूब काम किया है। यही वजह है कि वह आज भी बल्लेबाजों को चकमा दे रहे हैं।

### अनुशासन ने बनाया फिर से मजबूत

भुवनेश्वर का कहना है कि अब उनका पूरा फोकस फिटनेस और निरंतरता पर है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर को ज्यादा देखभाल चाहिए, इसलिए उन्होंने अपने क्रिकेट कैलेंडर को सीमित रखा है। उन्होंने कहा, 'जब आप थके हों और जाने का मन न करे, फिर भी जाना पड़े... वही अनुशासन है। जब आप इसे बार-बार करते हैं, तो वही निरंतरता भूख पैदा करती है। कुछ हासिल करना है तो शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को बदलना पड़ता है। मैं लगातार ट्रेनिंग करता हूं। जिम, अभ्यास, मैदान पर मेहनत... बार-बार वही चीजें करता हूं। आईपीएल, यूपी टी20 और सैयद मुश्ताक अली खेलता हूं। इतना क्रिकेट रहता है कि खेल से जुड़ा रहूं और इतने ब्रेक भी रहते हैं कि शरीर को ताजा रख सकूं।'

### विराट कोहली ने दिया आइडिया, बटलर का विकेट गिरा

इस सीजन उनका पसंदीदा विकेट जोस बटलर का रहा। उन्होंने बताया, 'बटलर लेग साइड की तरफ शफल कर रहे थे। तभी विराट आए और बोले- वह शफल कर रहा है, यॉर्कर डालो। मैंने वैसा ही किया।' विराट की सलाह पर डाली गई गेंद ने बटलर को बोल्ड कर दिया।

### अश्विन ने कहा, टीम इंडिया में वापस लाओ

अश्विन ने हाल ही में कहा था कि भुवनेश्वर कुमार को भारत की टी20 टीम में वापस लाया जाना चाहिए। इस पर भुवनेश्वर मुस्कुराते हुए बोले, 'हां, अश्विन को सेलेक्टर बना दो!' यह जवाब जितना मजेदार था, उतना ही आत्मविश्वास से भरा हुआ भी।

**सफलता का असली राज- विकेट और आत्मविश्वास**

भुवनेश्वर का मानना है कि विकेट सब कुछ बदल देते हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप विकेट लेते हैं तो सब कुछ अच्छा दिखने लगता है। विकेट आत्मविश्वास देते हैं। और आत्मविश्वास आपको बेहतर तरीके से योजना लागू करने में मदद करता है।' भुवनेश्वर कुमार की कहानी सिर्फ क्रिकेट नहीं, जिंदगी का सबक है।

### मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष टूटू बोस का निधन, 79 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**कोलकाता।** बोस ने मोहन बागान को देश का सर्वश्रेष्ठ क्लब बनाने में अहम भूमिका निभाई। वह लगभग तीन दशक तक इस फुटबॉल क्लब से जुड़े रहे और इस बीच उन्होंने सचिव और अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर काम किया। मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष स्वपन साधन बोस, जिन्हें कोलकाता के फुटबॉल हलकों में प्यार से 'टूटू बाबू' कहा जाता था, का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

वे 79 वर्ष के थे। भारतीय फुटबॉल प्रशासन के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक बोस का कई स्वास्थ्य समस्याओं के कारण यहां के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मंगलवार रात करीब 11.45 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

# GT vs SRH मैच के बाद प्लेऑफ का समीकरण



**मुंबई।** गुजरात टाइटंस 12 मैचों से 16 अंक लेकर पहले, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 11 मैचों से 14 अंक लेकर दूसरे, सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों से 14 अंक लेकर तीसरे, पंजाब किंग्स 11 मैचों से 13 अंक लेकर चौथे और चेन्नई सुपर किंग्स 11 मैचों से 12 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

आईपीएल 2026 का 56वां मुकाबला मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेला गया। जीटी एसआरएच को 82 रन से हराकर अंकतालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई। जीटी की यह लगातार पांचवीं जीत है। एसआरएच ने टॉस जीतने के बाद गेंदबाजी चुनी थी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 168 रन बनाए थे। 169 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी एसआरएच 14.5 ओवर में 86 रनों पर ऑलआउट हो गई और 82 रन से मैच हार गई। चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लेने वाले जीटी के कगिसो रबाडा प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | +0.551 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +1.103 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | +0.331 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | +0.428 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.185 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | +0.082 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| मुंबई इंडियंस (बाहर) | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स (बाहर) | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

### अंक तालिका का हाल

गुजरात टाइटंस 12 मैचों से 16 अंक लेकर पहले, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 11 मैचों से 14 अंक लेकर दूसरे, सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों से 14 अंक लेकर तीसरे, पंजाब किंग्स 11 मैचों से 13 अंक लेकर चौथे और चेन्नई सुपर किंग्स 11 मैचों से 12 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स 11 मैचों से 12 अंक लेकर छठे, दिल्ली कैपिटल्स 12 मैचों से 10 अंक लेकर सातवें, कोलकाता नाइट राइडर्स 10 मैचों से नौ अंक लेकर आठवें स्थान पर है।

# संजू सैमसन संग फोटो खिंचवाकर भावुक हुए प्रियदर्शन

## बोले- हर मलयाली फैन के लिए गर्व का पल



**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्देशक प्रियदर्शन ने भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन के साथ तस्वीर साझा कर गर्व जताया है। उन्होंने कहा कि एक मलयाली और क्रिकेट प्रेमी होने के नाते संजू के साथ खड़ा होना गर्व का पल है। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है।

मशहूर फिल्म निर्देशक प्रियदर्शन ने भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन के साथ तस्वीर साझा कर अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि संजू के साथ तस्वीर लेना उनके लिए गर्व का क्षण है। प्रियदर्शन ने इंस्टाग्राम पर यह फोटो शेयर की, जिसमें दोनों मुस्कुराते हुए कैमरे की तरफ देख रहे हैं।

### मलयाली फैंस के लिए बताया गर्व का पल

प्रियदर्शन ने खुद को क्रिकेट प्रेमी बताते हुए लिखा, 'एक मलयाली और क्रिकेट प्रेमी होने के नाते, संजू सैमसन के साथ तस्वीर के लिए खड़ा होना मेरे लिए गर्व की बात है। यह हर मलयाली क्रिकेट फैन के लिए गर्व का पल है।' उनकी इस पोस्ट को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर किया जा रहा है।

### संजू सैमसन का बढ़ता कद

संजू सैमसन भारतीय क्रिकेट टीम के अहम खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। वह 2024 और 2026 टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। 2026 टूनार्मेंट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट भी बने। आईपीएल 2026 में वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं, जबकि घरेलू क्रिकेट में केरल टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### सिनेमा जगत का बड़ा नाम हैं प्रियदर्शन

प्रियदर्शन भारतीय सिनेमा के सबसे सफल निर्देशकों में से एक हैं। उन्होंने हिंदी और मलयालम सिनेमा में 90 से ज्यादा फिल्मों का निर्देशन किया है।

प्रियदर्शन की हालिया रिलीज भूत बंग्ला है, जिसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म हॉरर-कॉमेडी शैली में बनाई गई है।

# 267 करोड़ से ज्यादा कमाएंगे मेसी!

## मेजर लीग सॉकर के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, सब पीछे छूटे



**मुंबई।** फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने मेजर लीग सॉकर में नया रिकॉर्ड बना दिया है। इंटर मियामी के साथ उनके नए कॉन्ट्रैक्ट के तहत उन्हें 28.33 मिलियन डॉलर (करीब 267 करोड़ रुपये) की गारंटीड कमाई मिलेगी। यह लीग के किसी भी दूसरे खिलाड़ी से दोगुने से ज्यादा है। मेसी की मौजूदगी से इंटर मियामी का कुल पेरोल भी सबसे ऊपर पहुंच गया है।

लियोनल मेसी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनकी लोकप्रियता और बाजार कीमत आज भी सबसे अलग है। इंटर मियामी के साथ नए कॉन्ट्रैक्ट के बाद मेसी की सैलरी में बड़ा इजाफा हुआ है। मेजर लीग सॉकर प्लेयर्स एसोसिएशन के मुताबिक, मेसी को 25 मिलियन डॉलर बेस सैलरी और कुल 28.33 मिलियन डॉलर (करीब 267 करोड़ रुपये) गारंटीड कॉम्पनसेशन मिलेगा। यह रकम लीग के किसी भी अन्य खिलाड़ी से दोगुने से ज्यादा है।

दूसरे नंबर पर सोन ह्युंग-मिन सोन ह्युंग मिन इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। लॉस एंजिलिस एफसी के लिए खेलने वाले सोन को 10.36 मिलियन डॉलर बेस सैलरी और 11.15 मिलियन डॉलर कुल भुगतान मिल रहा है। यानी मेसी उनसे भी काफी आगे हैं।

**इंटर मियामी का खर्च सबसे ज्यादा:** मेसी के आने के बाद इंटर मियामी का कुल पेरोल 54.6 मिलियन डॉलर पहुंच गया है। यह दूसरे नंबर की टीम एलएएफसी से 20 मिलियन डॉलर ज्यादा है। वहीं लीग की सबसे कम खर्च करने वाली टीम फिलेडेलफिया यूनियन है, जिसका पेरोल 11.7 मिलियन डॉलर है। यह आंकड़ा दिखाता है कि इंटर मियामी ने मेसी के इर्द-गिर्द मजबूत टीम बनाने में भारी निवेश किया है।

**मेसी का प्रदर्शन भी शानदार**

मेसी सिर्फ कमाई में ही नहीं, मैदान पर भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इंटर मियामी के लिए उन्होंने 64 नियमित सीजन मैचों में 59 गोल किए हैं। इस सीजन में अब तक 11 मैचों में नौ गोल कर चुके हैं। पिछले सीजन उन्होंने 29 गोल किए थे और लगातार दूसरी बार मोस्ट वैलुएबल प्लेयर का अवॉर्ड जीता था। अगले महीने 39 साल के होने जा रहे मेसी अभी भी अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान हैं। वह अपने छठे वर्ल्ड कप में खेलने की तैयारी कर रहे हैं। 2022 विश्व कप जीतने के बाद भी उनकी फिटनेस और प्रदर्शन लगातार शानदार बना हुआ है।

# IPL 2026 चोटिल रामकृष्ण की जगह हैडली नरोन्हा की हो सकती है एंट्री



**चेन्नई।** आईपीएल 2026 के लीग चरण में तीन मुकाबले शेष रहते चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल रामकृष्ण घोष की जगह कर्नाटक के ऑलराउंडर मैकनील हैडली नरोन्हा को टीम में शामिल करने की तैयारी की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्रेंचाइजी ने बीसीसीआई से मंजूरी मांगी है। लगातार चोटों से जूझ रही सीएसके के लिए यह बड़ा फैसला माना जा रहा है।

पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के लीग चरण के अंतिम दौर में बड़ा कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम ने कर्नाटक के युवा ऑलराउंडर मैकनील हेडली नरोन्हा को चोटिल रामकृष्ण घोष के रिप्लेसमेंट के तौर पर साइन करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि फ्रेंचाइजी ने इस फैसले के लिए बीसीसीआई को पत्र भेजा है और आधिकारिक मंजूरी का इंतजार है।

### डेब्यू मैच के बाद चोटिल हुए रामकृष्ण घोष

रामकृष्ण घोष को दाएं पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जिसके कारण वह टूर्नामेंट के बाकी मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। यह चोट दो मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेपॉक में खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी। खास बात यह रही कि वही उनका आईपीएल डेब्यू मैच भी था। सीएसके ने बयान जारी कर कहा, 'रामकृष्ण घोष को सीएसके बनाम मुंबई इंडियंस मैच के दौरान दाएं पैर में फ्रैक्चर हुआ है। वह आईपीएल 2026 में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे। जल्दी ठीक हो जाओ, रैंबो।' अब क्रिकबज ने बताया है कि लीग स्टेज खत्म होने से पहले सीएसके नए खिलाड़ी को साइन करना चाहती है। मैकनील ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यलोव (पीले दिल) की तस्वीर लगाई है।

### कौन हैं मैकनील नरोन्हा?

24 वर्षीय मैकनील नरोन्हा ने 2025 महाराजा ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने मंगलुरु ड्रैगन्स के लिए 13 मैचों में 253 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 148.82 रहा। इस दौरान उन्होंने 19 छक्के भी लगाए। सिर्फ बल्लेबाजी ही नहीं, उन्होंने ऑफ स्पिन गेंदबाजी में भी कमाल किया और 10 विकेट हासिल किए। फाइनल में उन्होंने दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। स्टीफन फ्लेमिंग ने जताई निराशा सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने घोष की चोट पर निराशा जताई। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ हफ्तों में उनका सुधार साफ नजर आया था। वह हमारे अकादमी सत्रों में शानदार ट्रेनिंग कर रहे थे। यह निराशाजनक है कि सीजन के अंत में वह चोटिल हो गए। वह अच्छी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं, इसलिए उन्हें सच्चा ऑलराउंडर कहा जा सकता है।'

### चोटों से जूझ रही है सीएसके

आईपीएल 2026 में चेन्नई की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। टीम पहले ही कई खिलाड़ियों की चोट से परेशान है। खलील अहमद और आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं। वहीं एमएस धोनी भी सीजन की शुरूआत से पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं। तीन मैच बाकी रहते सीएसके का नया खिलाड़ी जोड़ना बताता है कि टीम अब भी वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ रही। हालांकि लगातार चोटों ने चेन्नई की राह कठिन कर दी है, लेकिन नरोन्हा जैसे युवा ऑलराउंडर टीम को नई ऊर्जा दे सकते हैं।





# नगर निगम की बड़ी पहल: डूंडाहेड़ा एसटीपी पर बनेगा बायो-सीएनजी प्लांट, प्रदूषण पर लगेगी लगाम

## देश का पहला नगर निगम बना गाजियाबाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डूंडाहेड़ा स्थित 70 एमएलडी एसटीपी पर बायो-सीएनजी प्लांट शुरू करने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर दी है। दावा किया गया है कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाली वेस्ट बायोगैस से बायो-सीएनजी तैयार करने वाला गाजियाबाद देश का पहला नगर निगम बन गया है।

इस परियोजना के जरिए न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि नगर निगम को राजस्व भी प्राप्त होगा। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की मौजूदगी में नगर निगम मुख्यालय में परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जलकल विभाग और वी ए टेक वाबैग लिमिटेड के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्वच्छ ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी अपील को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम अब वेस्ट बायोगैस से उपयोगी बायो-सीएनजी गैस तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि यह गैस नगर निगम के वाहनों में भी इस्तेमाल की जाएगी और भविष्य में इससे राजस्व अर्जित करने की दिशा में भी कार्य होगा।

### हानिकारक गैसों को बदलेंगे स्वच्छ ऊर्जा में

**करंट क्राइम :** डूंडाहेड़ा एसटीपी में सीवेज ट्रीटमेंट के दौरान बड़ी मात्रा में मिथेन और हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी हानिकारक गैसें उत्पन्न होती हैं, जो वातावरण में मिलकर प्रदूषण बढ़ाती हैं। अब इन्हीं गैसों को विशेष तकनीक के जरिए संग्रहित कर बायो-सीएनजी में परिवर्तित किया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि यह पूरा प्रोजेक्ट पीपीपी मॉडल पर संचालित होगा और इसमें नगर निगम का कोई प्रत्यक्ष खर्च नहीं आएगा। परियोजना का संचालन वी ए टेक वाबैग लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। नगर निगम के अनुसार डूंडाहेड़ा एसटीपी की क्षमता 70 मिलियन लीटर प्रतिदिन है। यहां प्रतिदिन लगभग 1700 किलो बायो-सीएनजी तैयार किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस गैस का उपयोग नगर निगम के वाहनों और अन्य सार्वजनिक कार्यों में किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इससे एक ओर प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्वच्छ ईंधन के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर अन्य एसटीपी पर भी होगा विस्तार नगर निगम ने इस योजना को फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया है। यदि इसका संचालन सफल रहता है तो शहर के अन्य एसटीपी प्लांटों पर भी इसी तरह के बायो-सीएनजी प्लांट लगाए जाएंगे। महापौर ने कहा कि नगर निगम केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी लगातार काम कर रहा है। उन्होंने जल संरक्षण, पौधारोपण, पानी के छिड़काव और सीवेज ट्रीटमेंट जैसे अभियानों का भी उल्लेख किया।

### कार्यक्रम में मौजूद रहे अधिकारी

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी सहित नगर निगम और वी ए टेक वाबैग लिमिटेड के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# मसूरी अंडरपास पर खत्म हुआ जलभराव, यातायात पुलिस की मुस्तैदी से सड़क बनी सुरक्षित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा सड़क हादसों और उनमें होने वाली मौतों को रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मसूरी अंडरपास सर्विस रोड पर लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कर दिया गया है।

यातायात पुलिस की तत्परता और संबंधित विभागों के समन्वय से अब यह मार्ग पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु हो गया है। गौरतलब है कि 17 अप्रैल को मसूरी थानाक्षेत्र स्थित अंडरपास सर्विस रोड पर जलभराव के कारण हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दोपहिया वाहन सवार व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। सीपी गाजियाबाद जे रविंदर गौड के निर्देशन में यातायात अधिकारियों और विशेष टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। जांच में सामने आया कि सड़क पर लगातार जलभराव दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहा था।

इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित कर नाले की सफाई, गाद निकासी और आवश्यक मरम्मत कार्य कराया गया। कार्रवाई पूरी होने के बाद अब मसूरी अंडरपास सर्विस रोड पर जलभराव की समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। सड़क पर यातायात सामान्य रूप से चल रहा है और हादसों की आशंका भी काफी हद तक कम हो गई है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने यातायात पुलिस की इस त्वरित और जनहितकारी पहल की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई से भविष्य में होने वाले बड़े हादसों को रोका जा सकेगा।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने साफ किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे संवेदनशील स्थानों की लगातार निगरानी की जाएगी और जहां भी आवश्यकता होगी, वहां सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# आईपीएस कल्पना सक्सेना की बेटी इलिशा ने 12वीं में लहराया परचम, 97.5% अंक हासिल कर बढ़ाया मान



## मेरठ पीएसी में तैनात आईपीएस कल्पना सक्सेना बोलीं बेटी देश सेवा कर तिरंगे की शान बढ़ाए, यही सपना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पूर्व में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात रही डीआईजी व वर्तमान में मेरठ पीएसी में तैनात आईपीएस कल्पना सक्सेना की पुत्री इलिशा श्रीवास्तव ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.5 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इलिशा ने दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से 12वीं की पढ़ाई की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। इलिशा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। इससे पहले 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी उन्होंने बेहतरीन अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। लगातार शानदार प्रदर्शन के पीछे उनकी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण साफ दिखाई देता है।



12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता के बाद अब इलिशा अपने भविष्य को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। उनका सपना देश सेवा करना है और वह आगे चलकर एक बड़ी प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हैं। इलिशा का लक्ष्य एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर देश और समाज के लिए काम करना है। आईपीएस कल्पना सक्सेना ने बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि बच्चों को मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि उनकी बेटी देश के तिरंगे की शान बढ़ाए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करे। इलिशा की इस उपलब्धि को लेकर शिक्षा जगत और परिचितों में भी उत्साह है। लोगों का कहना है कि जिस तरह उन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है, उससे साफ है कि भविष्य में वह बड़ी जिम्मेदारियों को निभाने में भी सफल होगी।

# 'मोदी जैसा नेता दुनिया में नहीं': पीएम के मुरीद हुए नॉर्वे के पूर्व मंत्री

**नॉर्वे।** नॉर्वे के पूर्व मंत्री एरिक सोलहेम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। मोदी की ग्रीन ग्रोथ, आर्थिक विकास और वैश्विक नेतृत्व की जमकर सराहना भी की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी नॉर्वे दौरे से पहले नॉर्वे के पूर्व पर्यावरण मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के पूर्व प्रमुख एरिक सोलहेम ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। सोलहेम ने पीएम मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता बताते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के नेताओं को उनकी 'ग्रीन ग्रोथ' नीति से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।

नॉर्वे के प्रतिष्ठित अखबार डेगेंस नेरिंग्सलिव में प्रकाशित अपने लेख में एरिक सोलहेम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चलने वाला मॉडल पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों से अपील की कि वे पीएम मोदी के विचारों को गंभीरता से सुनें।



**एरिक ने पीएम मोदी की जमकर की तारीफः** सोलहेम ने लिखा कि किसी भी बड़े देश में ऐसा कोई नेता नहीं है जिसे अपने देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितना समर्थन और प्यार मिलता हो। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की लोकप्रियता 70 प्रतिशत के करीब है, जो उन्हें दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल करती है। उन्होंने पीएम मोदी के साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने के सफर को भी असाधारण बताया। सोलहेम ने लिखा कि मोदी ने अपने जीवन और राजनीतिक करियर को अपनी मेहनत और नेतृत्व क्षमता के दम पर बनाया।

एरिक सोलहेम ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जो चीन सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर है। उन्होंने कहा कि अगर इसी गति से विकास जारी रहा तो वर्ष 2050 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सोलहेम ने मोदी सरकार के दौरान देश में हुए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को भी उल्लेखनीय बताया।

**भारत बना नवीकरणीय ऊर्जा का बड़ा केंद्रः** पूर्व वठएढ प्रमुख ने पीएम मोदी को ग्रीन ग्रोथ का गारंटर बताते हुए भारत की सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं की तारीफ की। उन्होंने गुजरात में बन रहे विशाल सोलर पार्क और आंध्र प्रदेश में विकसित हो रही दुनिया की सबसे बड़ी सोलर-विंड-हाइड्रो परियोजना का जिक्र किया।

# नेहरु वर्ल्ड स्कूल ने सी.बी.एस.ई. में लहराया परचम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को सी.बी.एस.ई. का बाहरवीं का परीक्षा-परिणाम घोषित किया गया। नेहरु वर्ल्ड स्कूल का परिणाम बेहद सुखद व शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। विज्ञान वर्ग मेंआराध्या भारद्वाज व कला वर्ग में सिद्धी जैन ने संयुक्त रुप से सर्वाधिक 99.2% अंक प्राप्त किए। इसकेअतिरिक्त अंशिका यादव व देविशी मित्तल ने संयुक्त रुप से 99% प्रतिशतअंक प्राप्त किए। कुल 82 विद्यार्थियों ने 90% व उससेअधिकअंक प्राप्त किए।



# ट्रंप की चीन यात्रा: बीजिंग पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति कल जिनपिंग के साथ करेंगे बैठक, क्यों अहम है यह दौरा

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को चीन पहुंचे, कल उनकी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ व्यापार, टैरिफ, ताइवान और पश्चिम एशिया जैसे अहम मुद्दों पर बातचीत होगी। चीन इस दौरे को अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्ते सुधारने का अवसर मान रहा है। वहीं, दुनिया की नजर इस यात्रा पर इसलिए भी टिकी है, क्योंकि इसमें ईरान संकट और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर भी चर्चा होने की संभावना है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गए हैं, जहां उनकी गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अहम बैठक होगी। दोनों नेताओं के बीच ईरान युद्ध, अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों और ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेता सातवीं बार आमने-सामने बैठक करेंगे। इससे



पहले उन्होंने अक्तूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात की थी।

चीन इस यात्रा को व्यापारिक समझौते को आगे बढ़ाने और अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद को खत्म करने के अवसर के रूप में देख रहा है। टैरिफ ने 525 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात को प्रभावित किया था। ट्रंप इससे पहले 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान चीन गए थे। इस बार वह कई बड़े अमेरिकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बीजिंग पहुंचेंगे।

**व्हाइट हाउस ने बताया क्या रहेगा ट्रंप का कार्यक्रमः** व्हाइट हाउस के मुताबिक, ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे। इसके बाद गुरुवार को शी जिनपिंग के लिए औपचारिक स्वागत समारोह होगा और फिर द्विपक्षीय बैठक होगी।

शुक्रवार को दोनों नेताओं की एक और मुलाकात होगी, जिसमें पहले चाय पर अनौपचारिक बातचीत होगी और फिर दोपहर भोज के दौरान बैठक होगी। अमेरिका ने भी जिनपिंग के लिए बाद में वाशिंगटन यात्रा का निमंत्रण देने की योजना बनाई है। दोनों पक्षों ने रविवार को घोषणा की थी कि उप-प्रधानमंत्री ही लिफेंग व्यापार वार्ता के लिए 12 और 13 मई को दक्षिण कोरिया जाएंगे और वहां अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ बातचीत करेंगे। यह बातचीत ट्रंप की यात्रा से पहले अंतिम दौर की वार्ता होगी। यह बातचीत व्यापार, टैरिफ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक, ताइवान और अमेरिका की ओर से ताइपे को हथियारों की बिक्री, ईरान और पश्चिम एशिया की सुरक्षा तथा रेयर अर्थ और आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दों पर केंद्रित रहने की संभावना है।

**'टेम्पल ऑफ हेवन' का करेंगे दौराः** ट्रंप के कार्यक्रम में 'टेम्पल ऑफ हेवन' (स्वर्ग का मंदिर) का दौरा भी शामिल है। यह शाही मंदिरों का एक परिसर है, जहां पुराने समय में सम्राट अच्छी फसल के लिए पूजा-अर्चना करते थे। वह चीन के साथ ऐसे और समझौते करने की योजना बना रहे हैं, जिनके तहत चीन अमेरिका से ज्यादा खाद्य उत्पाद और विमान खरीदेगा।

# खर्च पर सवाल: एक्सपर्ट्स का दावा- ईरान युद्ध में 95 लाख करोड़ फूंक चुके ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अभी भी जारी है। पेंटागन के एक वरिष्ठ बजट अधिकारी ने बताया कि युद्ध में अमेरिका अबतक 2.77 लाख करोड़ किए हैं। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध में अनुमान से ज्यादा करीब 95 लाख करोड़ खर्च हो चुके हैं।

पिछले दो महीने से अमेरिका और ईरान में तनाव जारी है। इस युद्ध में अमेरिका के अब तक 2,77 लाख करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंगलवार को पेंटागन के एक वरिष्ठ बजट अधिकारी अमेरिकी सांसदों को यह जानकारी दी। हालांकि यह आंकड़े पेंटागन की ओर से अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किए अनुमानित बजट से 2.39 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है।



### विशेषज्ञों ने क्या दावा किया?

हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ये अनुमान अमेरिकी युद्ध विभाग की ओर से खर्च को कम करके आंका गया अनुमान मात्र हैं। वहीं, कुल खर्च संभावित रूप से 95.67 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक शोध के अनुसार, युद्ध बजट विशेषज्ञ लिंडा बिल्मेस का कहना है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अनुमानित लागत 95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि अल्पकालिक, अग्रिम लागतों में प्रतिदिन लगभग 19,134 करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जो उनके अनुसार हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है।

मंगलवार को पेंटागन के नियंत्रक के कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे जे हर्स्ट ने हाउस विनियोग समिति की सुनवाई में सूचित किया कि इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ चल रहे अमेरिकी सैन्य अभियान पर अब तक लगभग 2,77,450 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। जो कि दो सप्ताह पहले अमेरिकी कांग्रेस को दिए गए 2.39 लाख करोड़ रुपये के पूर्व अनुमान को संशोधित करके अधिक है।

### नए खर्चे कहां हुए हैं?

सीएनएन के अनुसार, नया आकलन में परिचालन और उपकरण संबंधी खर्चों को दशार्या गया है। हर्स्ट ने कहा, 'हाउस आर्ड सर्विसेज कमेटी की गवाही के समय यह आंकड़ा 2.39 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन संयुक्त स्टाफ टीम और नियंत्रक टीम लगातार इस अनुमान की समीक्षा कर रही हैं। अब हमें लगता है कि यह 2.77 लाख करोड़ रुपये के करीब है। ऐसा उपकरणों की मरम्मत और प्रतिस्थापन की अद्यतन लागतों के साथ-साथ युद्ध क्षेत्र में लोगों को बनाए रखने की सामान्य परिचालन लागतों के कारण है।'

### परिचालन खर्च में प्रतिदिन 19 हजार करोड़ रुपये का खर्च

उन्होंने कहा कि अल्पकालिक परिचालन खर्च में प्रतिदिन लगभग 19 हजार करोड़ रुपये शामिल हैं, जिसमें मिसाइलें अवरोधक प्रणाली, विमानवाहक पोत स्ट्राइक समूहों की तैनाती, युद्ध वेतन, क्षतिग्रस्त सैन्य संपत्तियों का रखरखाव और प्रतिस्थापन शामिल है। इस बात पर प्रकाश डाला कि वास्तविक प्रतिस्थापन लागत पेंटागन के इन्वेंट्री अनुमानों में दर्शाए गए मूल्यों से काफी अधिक है। उन्होंने कहा, 'उदाहरण के लिए, वर्तमान में उपयोग में लाई जा रही टोमाहॉक मिसाइलों की कीमत स्टॉक में लगभग 153 करोड़ रुपये प्रति मिसाइल है, लेकिन आज इन्हें बदलने में 28.7 करोड़ से 33.49 करोड़ रुपये का खर्च आता है।

### शुरूआती दिनों में कितने खर्च हुए?

शोध के अनुसार, अकेले संघर्ष के शुरूआती दिनों में ही अमेरिका को कम से कम 1.53 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो पेंटागन के शुरूआती अनुमानों से कहीं अधिक है, क्योंकि महंगी मिसाइल प्रणालियों का तेजी से क्षय हो रहा था और परिचालन खर्च बहुत अधिक था। बिलमेस ने कहा, 'हम असाधारण रूप से तेज गति से गोला-बारूद खर्च कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने ईरान संघर्ष के पहले चार दिनों में यूक्रेन को पिछले चार वर्षों में आपूर्ति की गई पैट्रियट मिसाइलों की तुलना में अधिक मिसाइलें दागीं।

# ईरानी हमलों का सऊदी ने दिया था करारा जवाब, कई इलाकों पर किए थे हवाई हमले

**रियाद।** सऊदी अरब ने मार्च के अंत में पहली बार सीधे ईरान पर गुप्त हवाई हमले किए। रिपोर्ट के अनुसार ये कार्रवाई सऊदी क्षेत्र पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में की गई। इसके बाद कूटनीतिक बातचीत के साथ दोनों देशों में तनाव कम करने पर सहमति बनी।

सऊदी अरब की वायुसेना ने मार्च के अंत में ईरान पर कई गुप्त हमले किए। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में पश्चिमी और ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी समाने आई है। यह पहली बार है जब सऊदी अरब ने सीधे ईरान पर हमला किया है। इससे पता चलता है कि रियाद अब अपनी सुरक्षा के लिए पहले से ज्यादा कड़ा रुख अपना रहा है।

### क्या बोले अधिकारी?

अधिकारियों ने बताया कि ये हमले सऊदी अरब पर हुए हमलों का बदला लेने के लिए किए गए थे। हालांकि, इन हमलों में किन जगहों को निशाना बनाया गया, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने इस पर कोई साफ जवाब नहीं दिया और ईरान की तरफ से भी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।





इन हमलों से साफ है कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष काफी बढ़ गया है। तनाव को और ज्यादा बढ़ने से रोकने के लिए सऊदी अरब लगातार ईरान के संपर्क में रहा। दोनों देशों के बीच राजदूतों के जरिए बातचीत होती रही। रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब ने ईरान को इन हमलों की जानकारी दी थी। इसके बाद बड़े स्तर पर कूटनीतिक बातचीत हुई। सऊदी अरब ने चेतावनी दी थी कि अगर हमले नहीं रुके तो वह और कड़ी कार्रवाई करेगा। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव कम करने को लेकर एक अनौपचारिक समझौता हुआ।

### कब हुआ समझौता?

यह समझौता 7 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम से ठीक एक हफ्ते पहले लागू हुआ था। ईरानी अधिकारियों ने पुष्टि की कि दोनों देश दुश्मनी खत्म करने और आपसी हितों की रक्षा के लिए सहमत हुए हैं।

मार्च के महीने में तनाव काफी बढ़ गया था। 19 मार्च को सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने कहा था कि जरूरत पड़ने पर उनका देश सैन्य कार्रवाई का अधिकार रखता है। इसके तीन दिन बाद सऊदी अरब ने ईरान के सैन्य अताशे और चार दूतावास कर्मचारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। आंकड़ों के मुताबिक, 25 से 31 मार्च के बीच सऊदी अरब पर 105 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल हमले हुए थे।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# उद्योग, सेवा और सामाजिक विरासत को नई दिशा देने वाले उद्यमी उपेन्द्र गोयल

गाजियाबाद की पहचान केवल एक औद्योगिक नगर के रूप में नहीं रही, बल्कि यह शहर सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और जनसेवा की मजबूत परंपराओं के लिए भी जाना जाता है। इस पहचान को सशक्त बनाने में जिन प्रतिष्ठित परिवारों ने दशकों तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनमें गोयल परिवार का नाम अत्यंत सम्मान और विश्वास के साथ लिया जाता है। इसी गौरवशाली विरासत को आधुनिक दृष्टि, सामाजिक प्रतिबद्धता और राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ाने वाले व्यक्तित्व हैं उपेंद्र गोयल। उपेंद्र गोयल उन चुनिंदा उद्योगपतियों और सामाजिक नेतृत्वकताओं में शामिल हैं, जिन्होंने उद्योग को केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज निर्माण का माध्यम माना। वे मानते हैं कि किसी भी उद्योग की वास्तविक सफलता तभी है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, युवाओं को रोजगार मिले, सामाजिक संस्थाएं मजबूत हों और भारतीय संस्कृति तथा मूल्यों का संरक्षण भी साथ-साथ चलता रहे। 13 अक्टूबर 1965 को गाजियाबाद के एक पुराने, प्रतिष्ठित और समृद्ध परिवार में जन्मे उपेंद्र गोयल को बचपन से ही सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के संस्कार प्राप्त हुए। इनके पिता मनमोहन गोयल नगर के प्रमुख उद्योगपतियों, समाजसेवियों और अत्यंत सम्मानित व्यक्तित्वों में गिने जाते थे। व्यापारिक सफलता के साथ-साथ सामाजिक सहयोग, धार्मिक गतिविधियों और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने गोयल परिवार को गाजियाबाद के सार्वजनिक जीवन में विशिष्ट स्थान दिलाया।



**उपेंद्र गोयल**
अध्यक्ष, ऑल इंडिया मैन्युफैक्चर्स ऑर्गेनाइजेशन (यूपी स्टेट बोड)

## बिजनेसमैन उपेंद्र गोयल का विजन

उपेंद्र गोयल का मानना है कि आने वाला समय आर्थिक प्रतिस्पर्धा का नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व, सांस्कृतिक जागरूकता और राष्ट्रहित की भावना का भी है। वे ऐसे औद्योगिक वातावरण के पक्षधर हैं, जहां उद्योग विकास का माध्यम बने, स्थानीय रोजगार बढ़े और समाज के कमजोर वर्गों को अवसर प्राप्त हो। वे भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं। उनका स्पष्ट विश्वास है कि आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन बनाए बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उद्योग, सेवा और संस्कार – इन्हीं तीन आधारों पर उपेंद्र गोयल अपनी सार्वजनिक और सामाजिक भूमिका को आगे बढ़ा रहे हैं। यही कारण है कि वे आज गाजियाबाद के सामाजिक, धार्मिक और औद्योगिक क्षेत्र में एक सम्मानित, विश्वसनीय और प्रभावशाली व्यक्तित्व के रूप में स्थापित हैं।

करंट क्राइम व्यक्तित्व


### उपेंद्र गोयल के सामाजिक और औद्योगिक दायित्व, वर्तमान में विभिन्न संस्थाओं में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्यक्ष**<br>ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स ऑगेनाइजेशन (उत्तर प्रदेश स्टेट बोर्ड) | संघ<br>**सह-कोषाध्यक्ष**<br>विश्व हिंदू परिषद, मेरठ प्रांत | **प्रचार मंत्री**<br>श्री कृष्ण गौशाला, गाजियाबाद | **संयोजक**<br>धर्म स्थापना संघ, गाजियाबाद |
| **अध्यक्ष**<br>उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास | **उपाध्यक्ष**<br>ठाकुर द्वारा टेम्पल कमेटी, गाजियाबाद | **ट्रस्टी**<br>एचएलएम कॉलेज, मेरठ रोड, गाजियाबाद | **प्रचार मंत्री**<br>मानव संस्कार केंद्र, विवेकानंद नगर, गाजियाबाद |

गोयल परिवार की पहचान सदैव ऐसे परिवार के रूप में रही, जिसने उद्योग और समाज सेवा को साथ लेकर चलने की परंपरा निभाई। शिक्षा, धार्मिक आयोजनों, सामाजिक सहयोग, गौसेवा और जनहित के अनेक कार्यों में इस परिवार की सक्रिय भूमिका वर्षों से दिखाई देती रही है। यही कारण है कि शहर के सामाजिक और औद्योगिक वर्गों में गोयल परिवार को विशेष सम्मान प्राप्त है।

### गौरवशाली विरासत के उत्तराधिकारी हैं उपेंद्र गोयल

उपेंद्र गोयल का व्यक्तित्व केवल एक सफल उद्योगपति तक सीमित नहीं है, बल्कि वे उस ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत के प्रतिनिधि हैं, जिसने गाजियाबाद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सार्वजनिक जीवन को दशकों तक प्रभावित किया है। परिवार की जड़ें ऐतिहासिक सामाजिक परंपराओं से जुड़ी रही हैं। पारिवारिक इतिहास के अनुसार, उनके पूर्वजों का संबंध सैन्य परंपरा और जननेतृत्व से रहा।



**मनमोहन गोयल**

उपेंद्र गोयल के पिता मनमोहन गोयल नगर के प्रमुख उद्योगपतियों, समाजसेवियों और अत्यंत सम्मानित व्यक्तित्वों में गिने जाते थे। व्यापारिक सफलता के साथ-साथ सामाजिक सहयोग, धार्मिक गतिविधियों और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने गोयल परिवार को गाजियाबाद के सार्वजनिक जीवन में विशिष्ट स्थान दिलाया।

समय के साथ यह परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थापित हुआ और व्यापार, सामाजिक नेतृत्व तथा सार्वजनिक सहयोग के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाता गया। गोयल परिवार लंबे समय तक सामाजिक विश्वास, आर्थिक सशक्तता और सार्वजनिक सहयोग का प्रतीक माना जाता रहा। परिवार के पूर्वजों ने व्यापार के साथ-साथ सामाजिक संरचना के निर्माण, धार्मिक गतिविधियों और जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपेंद्र गोयल के पूर्वजों का स्वतंत्रता आंदोलन और सामाजिक चेतना से भी गहरा जुड़ाव रहा। परिवार ने विभिन्न कालखंडों में सामाजिक एकता, व्यापारिक विकास और सार्वजनिक जीवन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाई। यही कारण है कि गोयल परिवार आज भी गाजियाबाद के पुराने और प्रभावशाली परिवारों में विशेष सम्मान रखता है।

### सेवा और संस्कार की परंपरा

उपेंद्र गोयल की माता पुष्पा रानी भी लंबे समय से सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं। धार्मिक, सामाजिक और महिला जागरूकता से जुड़े कार्यों में उनकी विशेष भूमिका रही है। परिवार की यही सेवा परंपरा उपेंद्र गोयल के व्यक्तित्व में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उपेंद्र गोयल मानते हैं कि किसी भी परिवार की सबसे बड़ी पहचान उसकी सामाजिक उपयोगिता और सार्वजनिक विश्वास होता है। यही कारण है कि वे उद्योग, धर्म, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक संगठनों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से लगातार जुड़े हुए हैं।

## औद्योगिक विकास में परिवार की अग्रणी भूमिका

उपेंद्र गोयल के पिता मनमोहन गोयल उत्तर भारत में औद्योगिक विकास की नई सोच लेकर आगे बढ़ने वाले उद्योगपतियों में गिने जाते थे। उन्होंने वर्ष 1961 में दुहाई क्षेत्र में उत्तर भारत की पहली स्टील वायर निर्माण इकाई स्थापित कर औद्योगिक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उस समय यह पहल केवल व्यापारिक विस्तार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण कदम मानी गई। उनके उद्योगों से प्रेरित होकर अनेक लोगों ने स्टील वायर और संबद्ध उद्योगों की स्थापना की, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिली। मनमोहन गोयल केवल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े व्यक्तित्व भी थे। वे हिंदी भवन सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे तथा गाजियाबाद के सामाजिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। नगर निगम द्वारा दुहाई से गुलधर तक के क्षेत्र को ॑मनमोहन गोयल औद्योगिक क्षेत्र॑ नाम दिया जाना उनके योगदान का सार्वजनिक सम्मान माना जाता है। वर्ष 2024 में पिता मनमोहन गोयल के स्वर्गवास के बाद उपेंद्र गोयल ने परिवार की सामाजिक और औद्योगिक विरासत को और अधिक जिम्मेदारी तथा समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का दायित्व संभाला।



## उपेन्द्र गोयल की शिक्षा और औद्योगिक जीवन

उपेंद्र गोयल की प्रारंभिक शिक्षा गाजियाबाद में हुई। छात्र जीवन से ही वे अध्ययनशील, अनुशासित और नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण रहे। विज्ञान और तकनीकी विषयों में विशेष रुचि के चलते उन्होंने वर्ष 1986 में बैंगलुरु विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की। तकनीकी शिक्षा ने उन्हें औद्योगिक संरचना और आधुनिक प्रबंधन की गहरी समझ प्रदान की, जबकि पारिवारिक संस्कारों ने उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण दिया। शिक्षा पूर्ण करने के बाद वे अपने पैतृक उद्योग से जुड़े और लंबे समय से उद्योग जगत में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने परंपरागत व्यावसायिक मूल्यों को आधुनिक औद्योगिक सोच के साथ जोड़ते हुए उद्योगों के विकास, उद्यमियों के हितों और रोजगार सृजन के लिए निरंतर कार्य किया। स्थानीय उद्योगों की समस्याओं, छोटे एवं मध्यम उद्यमियों की चुनौतियों और औद्योगिक विकास को लेकर उनकी सक्रियता उन्हें उद्योग जगत की एक प्रभावशाली आवाज बनाती है।

# 12 साल बाद मिला इंसाफः दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

## ऑपरेशन कन्विक्शन में पुलिस की कामयाबी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। प्रभावी पैरवी और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर पॉक्सो एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल की सतत मॉनिटरिंग, विवेचक की सशक्त विवेचना और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते यह फैसला संभव हो सका। मामले की सुनवाई



श्री सतीश कुमार शर्मा, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) | आरक्षी प्रताप सिंह, पैरोकार कन्विक्शन सेल | मु0आ0 शाहिद, पैरोकार थाना लोनी

पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायालय में हुई। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-02, गाजियाबाद ने आरोपी बंटी उर्फ प्रेम किरण पुत्र ओमप्रकाश कश्यप निवासी भारत सिटी सिल्वर सिटी, थाना ट्रॉनिका सिटी को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) में 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपये के अर्थदंड तथा धारा 366 में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

यह मामला थाना लोनी थानाक्षेत्र का है, जहां 22 नवंबर 2014 को पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की विवेचना तत्कालीन उपनिरीक्षक विजय कुमार द्वारा की गई थी, जबकि विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) सतीश कुमार शर्मा ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



गाजियाबाद पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

# मेरठ तिराहे पर भीषण सड़क हादसा
## डिवाइडर से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना सिहानीगेट क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दिल्ली-मेरठ रोड स्थित मेरठ तिराहे के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।



हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब एक बजे पीआरवी को सूचना मिली कि मेरठ तिराहे के पास एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल पड़े हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मेरठ तिराहा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी थी और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल थे।

पुलिस ने बिना देर किए दोनों घायलों को उपचार के लिए एमएमजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान रवि सिंह निवासी ई-ब्लॉक सेक्टर-9 विजय नगर, गाजियाबाद तथा रोहित पासवान के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। एसीपी नंदग्राम जियाउ्दीन ने बताया है कि प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि बाइक की रफ्तार अधिक थी, जिसके चलते चालक नियंत्रण खो बैठा और बाइक सीधे डिवाइडर से जा टकराई।

हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। घटना स्थल पर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था कायम रही।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## लाइनमैन का ट्रांसफर किया तो तीन घंटे तक बंद की 11 गांवों की लाइट

**नोएडा।** सेक्टर-28 उपकेंद्र में कार्यरत एक लाइनमैन के स्थानांतरण के विरोध में अन्य लाइनमैन कर्मियों ने 11 गांवों की लाइट बंद कर दी और बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। वहीं, लाइट कटने के बाद लोग उपकेंद्र पहुंचना शुरू हुए। इधर कानून-व्यवस्था की स्थित बिगड़ने पर मौके पर रबूपुरा पुलिस पहुंची और कर्मचारियों को शांत कराया। रात 12:30 बजे लाइट जुड़ पाई। वहीं, बुधवार शाम तक लाइनमैन के स्थानांतरण के आदेश भी वापस ले लिए गए।

## सपा प्रवक्ता की टिप्पणी पर बरसे भाजपा नेता ओमदत्त कौशिक, 'ऐसी बयानबाजी दुर्भाग्यपूर्ण'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दी गई कथित विवादित टिप्पणी पर भाजपा नेताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भाजपा राजनगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष ओमदत्त कौशिक (एडवोकेट) ने इस बयान को समाज में वैमनस्य फैलाने वाला और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। ओमदत्त कौशिक ने सपा प्रवक्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी भी समाज पर अमर्यादित टिप्पणी करके कोई बड़ा नेता नहीं बन सकता। उन्होंने तीखे शब्दों में कहाः यदि राजकुमार भाटी को ब्राह्मणों से इतनी नाराजगी है, तो उन्हें अपने परिवार के शुभ कार्यों में ब्राह्मणों को बुलाना बंद कर देना चाहिए और इसके बजाय मुल्ला-मौलवियों को बुलाना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने हमेशा देश और समाज को सही दिशा देने का कार्य किया है। सस्ती लोकप्रियता के लिए किसी जाति विशेष को निशाना बनाना निंदनीय है। भाजपा नेता ने समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से इस मामले में हस्तक्षेप करने और अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने कहा किः राजनीतिक दलों को अपने प्रवक्ताओं की भाषा और मयार्दा पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो। लोकतंत्र में सभी वर्गों का सम्मान अनिवार्य है और भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले बयान स्वीकार्य नहीं हैं। ओमदत्त कौशिक ने कहा कि ऐसी राजनीति करने वालों की जमीन खिसक रही है और जनता समय आने पर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने आम जनता से समाज को बांटने वाली राजनीति से सावधान रहने और आपसी शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।

